# NAS प्रश्न बैंक

## कक्षा - 3

### हिन्दी, गणित एवं पर्यावरण अध्ययन

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्,उदयपुर

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

**संरक्षक**
**डॉ. आर. वैंकटेश्वरन**
प्रमुख शासन सचिव
स्कूल एवं संस्कृत शिक्षा, राजस्थान सरकार

**श्री प्रदीप कुमार बोरड़**
आयुक्त
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर

**श्री नरेन्द्र कुमार गुप्ता**
राज्य परियोजना निदेशक
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर

**श्री ओम प्रकाश कसेरा**
निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर
राजस्थान

**श्री नथमल डिडेल**
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर
राजस्थान

**मुख्य मार्गदर्शक**
**श्री जगमोहन सिंह**
निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**मार्गदर्शक**

**श्रीमती देवलता**
प्रोफेसर I
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**श्रीमती सुशीला नागोरी**
प्रोफेसर II
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

**प्रभारी**
**श्रीमती नीलिमा शर्मा**
एसोसिएट प्रोफेसर
रा.रा.शै.अ.प्र.प., उदयपुर

**आवरण एवं पृष्ठ सज्जा**
**श्री हेमन्त आमेटा**
एसिस्टेंट प्रोफेसर
रा.रा.शै.अ.प्र.प., उदयपुर

**प्रकाशन वर्ष :** 2019



# आमुख

विद्यार्थी की गुणवत्तायुक्त शिक्षा को सुनिश्चित करने के सन्दर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अनुसार इस बात पर बल दिया जा रहा है कि बालकों के अधिगम का नियमित अंतराल पर आकलन किया जाना चाहिए, ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। इस सन्दर्भ में शिक्षा व्यवस्था की रचना में अधिगम प्रतिफल एक प्रभावी साधन है, जिसे ध्यान में रखकर सीखने के स्तर से सम्बन्धित निर्धारित मानदण्डों को पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया गया है, जिसकी क्रियान्विति विद्यालय स्तर पर भी की जा रही है ताकि शिक्षा को अधिक सुदृढ़ एवं गुणक्तायुक्त बनाया जा सके। साथ ही विषयाध्यापक भी विद्यार्थियों के लिए विषय आधारित सीखने के कौशलों को सुनिश्चित करें एवं शैक्षिक उन्नयन हेतु प्रभावी प्रयास करें, इस हेतु भी पर्याप्त मार्गदर्शन एवं निर्देशन दिया जा रहा है।

निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार प्रत्येक विद्यार्थी के सीखने को सुनिशिचित करने एवं बालकों के शैक्षिक स्तर को जाँचने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'सीखने के प्रतिफल' के माध्यम से परिभाषित किया गया है, जिसका आधार NCERT की गाइड लाइन है। राष्ट्रीय स्तर पर सीखने के प्रतिफलों पर आधारित सर्वे राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के द्वारा किया जाता है। अतः कक्षा 3, 5 व 8 के विषयों की अधिगम क्षमता को अभिवर्द्धित करने हेतु सीखने के प्रतिफल आधारित प्रश्न बैंक का निर्माण विषय–विशेषज्ञों के द्वारा किया गया है।

इस प्रश्न बैंक को आपको सौंपते हुए हर्ष है कि गतिविधि आधारित शिक्षण के विकसित होते समय यह कारगर उपलब्धियाँ हासिल करेगा।

यह प्रश्न बैंक कक्षा 3, 5 व 8 के विद्यार्थियों के लिए आगामी NAS की तैयारी हेतु उपयोगी साबित होगा, ऐसा विश्वास है। प्रश्न बैंक संबंधी शिक्षकों के मूल्यवान सुझाव भी आमंत्रित हैं। यह बैंक पूरे राज्य के शिक्षा जगत के लिए उपयोगी सिद्ध होगा, ऐसी आशा की जाती है।

**जगमोहन सिंह RAS**
निदेशक
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान
एवं प्रशिक्षण परिषद्, उदयपुर

# अनुक्रमणिका (कक्षा 3)


| क्र.सं. | विषय | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | प्रश्न 1 से 200 | 1—20 |
| | | उत्तरमाला | 21 |
| | | NAS 2017 के प्रश्न | 22—24 |
| 2. | गणित | प्रश्न 1 से 170 | 25—45 |
| | | उत्तरमाला | 46 |
| | | NAS 2017 के प्रश्न | 47—52 |
| 3. | पर्यावरण अध्ययन | प्रश्न 1 से 170 | 53—69 |
| | | उत्तरमाला | 70 |
| | | NAS 2017 के प्रश्न | 71—74 |
| 4 | परिशिष्ट | सीखने के प्रतिफल कक्षा—3<br>हिन्दी, गणित, पर्यावरण अध्ययन | 75—82 |

# NAS प्रश्न बैंक

# कक्षा–3

# विषय – हिन्दी

# हिन्दी

# शेर और चूहे की कहानी

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

एक शेर अपनी गुफा में आराम से सो रहा था। एक चूहा आया और शेर के शरीर पर चढ़कर फुदकने लगा। शेर ने चूहे को पकड़ लिया। चूहा रोने लगा। चूहे ने गिड़गिड़ाते हुए शेर से कहा– ''अगर तुम मुझे छोड़ दोगे तो मैं भी एक दिन तुम्हारे काम आऊँगा।''

शेर यह सुनकर हँस पड़ा। सोचने लगा कि भला चूहा उसके किस काम आ सकता है। फिर भी शेर ने चूहे को छोड़ दिया। कुछ दिनों बाद शिकारियों ने शेर को पकड़ लिया और उसे जाल से बाँध दिया। शेर की दहाड़ सुनकर चूहा भागता हुआ उसकी मदद करने आ गया। चूहे ने अपने दाँतों से जाल को काटकर शेर को आजाद कर दिया। इस तरह चूहे ने शेर की जान बचा ली। फिर चूहा और शेर दोस्त बन गए।

1. गुफा में कौन सो रहा था ?

   (क) भालू (ख) गाय (ग) चीता (घ) शेर

2. चूहा रो रहा था–

   (क) चोट लगने के कारण (ख) ऊपर से गिर जाने के कारण

   (ग) भूख के कारण (घ) शेर के पकड़ लेने के कारण

3. चूहा भागते हुए क्यों आया?

   (क) शेर की दहाड़ सुनकर (ख) अपने साथियों के साथ जाने के लिए

   (ग) भोजन को खोजते हुए (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. चूहे ने शेर की जान कैसे बचाई ?

   (क) खाना खिलाकर (ख) पानी पिलाकर

   (ग) जाल को काटकर (घ) शिकारी को काटकर

5. ''शेर आराम से सो रहा था।'' वाक्य में संज्ञा शब्द है–

   (क) आया (ख) सो रहा (ग) शेर (घ) था

6. दोस्त का विलोम शब्द है–

   (क) भाई (ख) मित्र (ग) साथी (घ) दुश्मन

7. आजाद शब्द का अर्थ है–

   (क) मिलना (ख) स्वतंत्र (ग) बन्धन (घ) परतंत्र

8. शेर के शरीर पर चढ़कर कौन फुदकने लगा ?

   (क) भालू (ख) बन्दर (ग) चूहा (घ) गिलहरी

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

मगन अच्छा लड़का है। वह कभी अपने माता–पिता की आज्ञा नहीं टालता। यदि कोई पड़ोसी भी काम बता दे तो मना नहीं करता। वह घर आए अतिथियों का स्वागत बड़े उत्साह से करता है। वह विनम्रता से बात करता

है। कड़वा बोलकर किसी का दिल नहीं दुखाता। मगन सभी बड़ों का व गुरूजी का हमेशा सम्मान करता है। मगन बगीचे में जाता है तो कभी भी पेड़–पौधों की पत्तियों को नहीं नोचता। वह व्यर्थ में कभी फूल नहीं तोड़ता। वह कभी किसी जानवर को नहीं सताता। रेलवे स्टेशन हो या बस अड्डा, सड़क हो या पार्क या सिनेमाघर मगन शिष्टाचार नहीं भूलता।

9. ''अच्छा'' का विलोम शब्द है–

(क) बुरा (ख) कड़वा (ग) व्यवहार (घ) आज्ञा

10. ''मगन अच्छा लड़का है'' इस वाक्य में विशेषण शब्द कौन सा है ?

(क) अच्छा (ख) लड़का (ग) गमन (घ) बगीचा

11. मगन बगीचे में जाता है, तो कौनसा अच्छा काम करता है ?

(क) पेड़–पौधे तोड़ता है। (ख) फूलों को नहीं तोड़ता है।

(ग) तोते उड़ाता है। (घ) गंदगी करता है।

12. अच्छा लड़का कौन था ?

(क) छगन (ख) मगन (ग) गगन (घ) लगन

13. मगन किसकी आज्ञा नहीं टालता ?

(क) माता–पिता की (ख) पड़ोसी की

(ग) गुरूजी की (घ) उपर्युक्त में से सभी की

14. मगन घर पर किसका स्वागत करता है ?

(क) जानवरों का (ख) पेड़–पौधों का

(ग) अतिथियों का (घ) सिनेमाघर का

15. सम्मान का विलोम शब्द है–

(क) मान (ख) अपमान (ग) अनजान (घ) स्वागत

16. मगन रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सिनेमाघर जाता है तो क्या नहीं भूलता ?

(क) पैसे (ख) नाश्ता (ग) शिष्टाचार (घ) अनुशासन हीनता

17. ''बगीचे'' शब्द का एकवचन है –

(क) बगीचा (ख) बागी (ग) फूल (घ) तना

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

आज पंद्रह अगस्त है भारत का स्वतंत्रता दिवस। आज ही के दिन हमारा देश अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुआ था। एक लड़की थी मैना। नाना फड़नवीस की पुत्री थी। उम्र थी सात वर्ष। नाना साहब देश की आज़ादी के लिए लड़ रहे थे, इसलिए अंग्रेज उनसे नाराज थे। उन्होनें नानासाहब के महल में आग लगवा दी। नाना साहब जलते महल से बाहर आ गए परन्तु मैना को अंग्रेजों ने पकड़ लिया व उसे जनरल के पास ले गए। जनरल ने मैना से पूछा कि तुम्हारे पिता देश की आज़ादी चाहते हैं तुम क्या चाहती हो तो मैना ने कहा मैं भी देश की आजादी चाहती हूँ और मैं देश की आजादी के लिए लड़ूँगी। मैना का उत्तर सुनकर जनरल ने क्रोध से बोला इस लड़की को आग में झोंक दो। सैनिकों ने मैना को समझाया कि तुम माफी माँग लो और कह दो कि मुझे आजादी

नहीं चाहिये तब मैना ने कहा कि मैं क्षमा नहीं मांगूँगी। मुझे अपना देश प्यारा है। मैना का उत्तर सुनकर उसे आग में झोंक दिया गया व मैना ने हँसते–हँसते अपने प्राण दे दिए।

18. आज अगस्त महिने की कौनसी दिनांक है ?

(क) 10 अगस्त (ख) 12 अगस्त (ग) 13 अगस्त (घ) 15 अगस्त

19. पंद्रह अगस्त को कौनसा दिवस कहते हैं ?

(क) परतंत्रता दिवस (ख) स्वतंत्रता दिवस

(ग) अखंडता दिवस (घ) महिला दिवस

20. हमारा देश 15 अगस्त को किसकी गुलामी से मुक्त हुआ ?

(क) मुगलों की (ख) बादशाहों की (ग) अंग्रेजों की (घ) राजाओं की

21. मैना किसकी पुत्री थी ?

(क) नाना फडनवीस की (ख) तात्याटोपे की

(ग) अंग्रेजों की (घ) अकबर की

22. नाना साहब क्या चाहते थे ?

(क) गुलामी (ख) देश की स्वतंत्रता

(ग) देश को बेचना (घ) समझौता करना

23. अंग्रेजों ने किसके महल में आग लगवा दी थी ?

(क) नाना साहब के महल में (ख) जल महल में

(ग) रानी महल में (घ) माँडू के दुर्ग में

24. आग लगने के बाद अंग्रेजों ने किसे पकड़ लिया ?

(क) रमा को (ख) शान्ता को (ग) मैना को (घ) रैना को

25. मैना को अंग्रेजों ने पूछा कि तुम क्या चाहती हो तब मैना ने क्या कहा ?

(क) भागना (ख) देश की स्वतंत्रता

(ग) गुलामी (घ) युद्ध

26. मैना का उत्तर सुनकर जनरल ने मैना के लिए क्या कहा ?

(क) इसे छोड़ दो (ख) इसे बंद कर दो

(ग) इसे आग में झोंक दो (घ) इसे अपने पास ही रख लो

27. मैना को जनरल के सैनिकों ने क्या कहा ?

(क) माफी माँग लो (ख) भाग जाओ

(ग) जोर–जोर से रोओ (घ) चुप–चाप रहो

28. मैना ने माफी न माँग कर क्या किया ?

(क) भाग गयी (ख) हँसते–हँसते अपने प्राण दे दिये।

(ग) पिताजी को बुलवाया (घ) रोना शुरू किया।

29. स्वतंत्रता का विलोम शब्द है ?

(क) परतंत्रता (ख) स्वच्छता (ग) अराजकता (घ) कुरूपता

30. रोना का विलोम है–

(क) आना (ख) हँसना (ग) जाना (घ) गाना

31. मैना कितने वर्ष की थी ?

(क) 5 (ख) 7 (ग) 3 (घ) 6

32. हमारे देश का क्या नाम है ?

(क) चीन (ख) नेपाल (ग) भारत (घ) श्रीलंका

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

हमारे राज्य में कई त्योहार मनाए जाते हैं। इनमें होली, दिवाली, दशहरा, ईद, बैसाखी, क्रिसमस, रक्षा–बंधन आदि मुख्य हैं। रक्षा बंधन को राखी का त्योहार भी कहते हैं। यह श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। राखी भाई–बहन का त्योहार है इसमें एक दूसरे की रक्षा करने की भावना छिपी रहती है।

राखी के अवसर पर सुंदर–सुंदर राखियाँ लेकर बहनें अपने भाई के घर जाती हैं। उनके तिलक लगाती हैं। मिठाई खिलाती हैं। कलाई पर राखी बांधकर उनके सुखी जीवन की कामना करती हैं। राखी बंधवाकर भाई अपनी बहन को उपहार देता है।

33. रक्षा बंधन का दूसरा नाम है–

(क) राखी (ख) दिवाली (ग) होली (घ) ईद

34. रंगो का त्योहार कौनसा है ?

(क) दशहरा (ख) बैसाखी (ग) क्रिसमस (घ) होली

35. भाई बहन का त्योहार कौनसा है ?

(क) रक्षा बंधन (ख) दिवाली (ग) होली (घ) क्रिसमस

36. राखी का त्योहार कौनसे महीने में मनाया जाता है ?

(क) कार्तिक (ख) पौष (ग) फाल्गुन (घ) श्रावण

37. राखी के दिन भाई क्या संकल्प लेता है ?

(क) पढ़ने का (ख) बहन की रक्षा करने का

(ग) माता–पिता की सेवा करने का (घ) शादी का

38. राखी बांधते समय बहन भाई के लिए क्या कामना करती है ?

(क) खेलने का (ख) सुखी जीवन की

(ग) विद्यालय जाने की (घ) आज्ञा मानने की

39. रक्षा बंधन पर भाई अपनी बहन को क्या देता है ?

(क) मिठाई (ख) पुस्तकें (ग) उपहार (घ) उपर्युक्त में से कुछ नहीं

40. बहन अपने भाई को क्या खिलाती है ?

(क) नमकीन (ख) मिठाई (ग) फल (घ) बिस्किट



41. यह चित्र किसका है ?

(क) नदी का (ख) नाले का (ग) मेले का (घ) बगीचे का

42. उदयपुर शहर में सहेलियों की बाड़ी में कौनसा मेला लगता है ?

(क) पशु मेला (ख) हरियाली अमावस का मेला

(ग) फूलों का मेला (घ) अनाज का मेला

43. आप मेले में किसके साथ जाते हैं ?

(क) माता–पिता के साथ (ख) भाई–बहन के साथ

(ग) दोस्तों के साथ (घ) उपर्युक्त सभी के साथ

44. मेले में ऊपर से नीचे गोल वाले झूले को क्या कहते हैं ?

(क) तमंचा (ख) डोलर (ग) नाव (घ) घुड़–सवारी

45. मेले क्यों लगाये जाते हैं ?

(क) मनोरजंन के लिए (ख) पैदल चलने के लिए

(ग) समय व्यतीत करने के लिए (घ) लोगों को भीड़ में धक्का देने के लिए

46. मेले में कमला, विमला और राम ने खिलौने खरीदे। इस पंक्ति में रेखांकित शब्दों को क्या कहते हैं ?

(क) संज्ञा (ख) सर्वनाम (ग) विशेषण (घ) क्रिया

47. ''मेले में सुंदर–सुंदर खिलौने मिलते हैं'' वाक्य में सुंदर शब्द क्या हैं ?

(क) संज्ञा (ख) विशेषण (ग) सर्वनाम (घ) कारक

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

एक खरगोश था। वह घूमता हुआ बाजार में पहुँचा। उसकी नजर गुड़ की भेलियों पर पड़ी। वह सोचने लगा, ''कितना अच्छा हो मुझे थोड़ा गुड़ खाने को मिल जाए। पर कैसे? चुरा लूँ। नहीं–नहीं चोरी करना बुरी बात है क्यों नहीं दुकानदार से मांग लूँ? वह जरूर गुड़ दे देगा।'' वह दुकानदार के पास गया और बोला आप दयालु हैं। दानी हैं। जीवों पर दया करते हैं। आपका कारोबार बढ़े। क्या आप मुझे थोड़ा गुड़ देंगे?'' खरगोश की बात सुनकर दुकानदार खुश हो गया। उसने उसे गुड़ दे दिया। खरगोश खुशी से उछलता हुआ जंगल की तरफ भागा। वह पेड़ के नीचे बैठकर गुड़ खाने लगा।

48. खरगोश घूमता हुआ कहाँ पहुँचा ?

(क) गली में (ख) बगीचे में (ग) बाजार में (घ) जंगल में

49. खरगोश की नजर किस पर पड़ी?

(क) बताशों की ढेरी पर (ख) शक्कर की ढेरी पर

(ग) गुड़ की भेलियों पर (घ) सब्जी पर

50. खरगोश को कौन सी बात बुरी लगी?

(क) माँगना (ख) चोरी करना (ग) छीनना (घ) फेंकना

51. खरगोश ने दुकानदार को कैसे खुश किया?

(क) उसकी प्रशंसा करके (ख) उसका अभिवादन करके

(ग) उसका काम करके (घ) छीना–झपटी करके

52. ''चोरी करना बुरी बात है'' यह शब्द किसने कहे ?

(क) लोमड़ी (ख) खरगोश (ग) दुकानदार (घ) शेर

53. खरगोश गुड़ कहाँ बैठ कर खा रहा था ?

(क) पेड़ के नीचे (ख) टेबल के नीचे (ग) तालाब के किनारे (घ) गुफा में

54. खुश होने पर दुकानदार ने खरगोश को क्या दिया ?

(क) शहद (ख) शक्कर (ग) बताशे (घ) गुड़

55. कारोबार का अर्थ है–

(क) व्यापार (ख) दुकान (ग) आमदनी (घ) कार्य

56. ''वह गुड़ खाने लगा'' वाक्य में सर्वनाम शब्द है–

(क) गुड़ (ख) वह (ग) लगा (घ) खाने

57. ''अच्छा'' शब्द का विलोम शब्द है–

(क) बहुत (ख) सही (ग) बुरा (घ) श्रेष्ठ

58. खरगोश खुशी से उछलता हुआ कहाँ भागा?

(क) शहर की ओर (ख) गाँव की ओर

(ग) बाग की ओर (घ) जंगल की ओर

59. ''वह पेड़ के नीचे बैठकर गुड़ खाने लगा'' यहाँ खाना शब्द है–

(क) कर्त्ता (ख) क्रिया (ग) संज्ञा (घ) सर्वनाम

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

बतख को बच्चे तालाब में तैरते हुए देखते हैं। नर बतख, मादा बतख से अधिक सुंदर होता हैं। बतखों की कई जातियाँ होती हैं, भिन्न–भिन्न जातियों की बतखों का रंग भी भिन्न–भिन्न होता है। पालतू बतख साधारणतः सफेद या भूरे रंग की होती है। नर बतख नीले और हरे निशानों के कारण अधिक रंग–बिरंगा व सुंदर लगता है।

बतखों की चोंच चौड़ी होती है, जिससे वे आसानी से कीड़े उठा सकती हैं। उनके पैरों की अंगुलियाँ भी एक झिल्ली द्वारा जुड़ी होती हैं। इस तरह से इनके पैर तैरते समय चप्पू जैसा काम करते हैं। मादा बतख अपना घोंसला तालाब के किनारे घास में बनाती हैं। यह घोंसला कम गहरा होता है। इसी में यह अपने अंडे देती हैं। जो हल्के नीले रंग के होते हैं।

60. बतखों को कहाँ तैरता हुआ देखा जा सकता है ?

(क) खेतों में (ख) तालाबों में (ग) बगीचे में (घ) विद्यालय में

61. नर बतख कैसा होता है ?

(क) काला (ख) कुरूप (ग) सुन्दर (घ) पीला

62. मादा बतख अपना घोंसला कहाँ बनाती है ?

(क) तालाब किनारे (ख) पानी में (ग) नाव में (घ) पेड़ पर

63. बतख के पैरों की अंगुलियाँ किससे जुड़ी होती हैं ?

(क) रस्सी से (ख) झिल्ली से (ग) घास से (घ) टहनी से

64. बतखों की चोंच होती है–

(क) चौड़ी (ख) लंबी (ग) मोटी (घ) पतली

65. कीड़ा शब्द का बहुवचन है–

(क) मकोड़ा (ख) कीड़े (ग) कठफोड़वा (घ) कीड़ी

66. तालाब शब्द के समान अर्थ वाला शब्द है–

(क) सरोवर (ख) समुद्र (ग) नदी (घ) कुआँ

67. बतख के अंडे किस रंग के होते हैं ?

(क) लाल (ख) पीला (ग) हल्के नीले (घ) काला

68. तैरते समय बतख के पैर कैसे काम करते हैं ?

(क) चप्पू जैसे (ख) पप्पू जैसे (ग) अप्पू जैसे (घ) लट्टू जैसे

69. नर शब्द का स्त्रीलिंग रूप हैं–

(क) मादा (ख) पुरुष (ग) प्यारा (घ) मानव

70. 'सफेद' शब्द का विलोम शब्द है –

(क) नीला (ख) पीला (ग) हरा (घ) काला

71. 'सुंदर' शब्द का विलोम है–

(क) कुरूप (ख) अनुरूप (ग) प्रारूप (घ) कोई नहीं

72. पालतू बतख कौन से रंग की होती है ?

(क) सफेद–भूरे (ख) नीले–पीले (ग) लाल–काले (घ) पीले–हरे

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

सभी देशों का अपना–अपना राष्ट्रीय ध्वज होता है। हमारे देश का भी राष्ट्रीय ध्वज है। इसे हम 'तिरंगा'

कहते हैं। हमारे राष्ट्रीय ध्वज में तीन रंगो की तीन पट्टियाँ हैं। सबसे ऊपर केसरिया रंग की पट्टी है। बीच में सफेद रंग की पट्टी में एक चक्र बना है। सबसे नीचे हरे रंग की पट्टी होती है। हमारे ध्वज का केसरिया रंग वीरता का प्रतीक है। सफेद रंग शांति और हरा रंग खुशहाली का प्रतीक है। ध्वज के बीच में सफेद पट्टी पर बने चक्र में चौबीस तीलियाँ होती हैं जो हमें निरंतर परिश्रम की प्रेरणा देती है।

73. 'तिरंगा' किसे कहते हैं ?

(क) राष्ट्रीय प्रतीक को (ख) राष्ट्रीय ध्वज को

(ग) राष्ट्रीय चिह्न को (घ) राष्ट्रीय मुद्रा को

74. हमारे राष्ट्रीय ध्वज में कितने रंगो की पट्टियाँ होती हैं ?

(क) दो (ख) तीन (ग) चार (घ) पाँच

75. राष्ट्रीय ध्वज में सबसे ऊपर कौन से रंग की पट्टी होती है ?

(क) सफेद रंग की (ख) हरे रंग की

(ग) केसरिया रंग की (घ) पीले रंग की

76. राष्ट्रीय ध्वज में सफेद रंग की पट्टी होती है ?

(क) सबसे ऊपर (ख) बीच में

(ग) सबसे नीचे (घ) इनमें से कोई भी नहीं

77. 'नीचे' का विलोम शब्द है–

(क) ऊपर (ख) बीच में (ग) आगे (घ) पीछे

78. राष्ट्रीय ध्वज में सबसे नीचे कौन से रंग की पट्टी है?

(क) हरे रंग की (ख) सफेद रंग की

(ग) केसरिया रंग की (घ) पीले रंग की

79. राष्ट्रीय ध्वज के सफेद रंग की पट्टी पर बना होता है–

(क) घेरा (ख) चक्र (ग) वर्ग (घ) चिह्न

80. राष्ट्रीय ध्वज का केसरिया रंग प्रतीक है–

(क) वीरता का (ख) शांति का (ग) अमन का (घ) विकास का

81. राष्ट्रीय ध्वज में शांति का प्रतीक है–

(क) हरा रंग (ख) केसरिया रंग (ग) सफेद रंग (घ) पीला रंग

82. राष्ट्रीय ध्वज में हरा रंग किसका प्रतीक है–

(क) शांति का (ख) खुशहाली का (ग) वीरता का (घ) लड़ाई का

83. सफेद रंग की पट्टी पर बने चक्र में तीलियाँ होती हैं–

(क) 22 (ख) 23 (ग) 25 (घ) 24

84. चक्र हमें प्रेरणा देता है–

(क) परिश्रम करने की (ख) आलस्य करने की

(ग) काम न करने की (घ) चलते रहने की

85. 'निरंतर' शब्द का अर्थ है–

(क) एक–एक कर (ख) लगातार

(ग) धीरे–धीरे (घ) ठहर–ठहर कर

86. 'ध्वज' शब्द का अर्थ है–

(क) डंडा (ख) झंडा (ग) डोरी (घ) पट्टा



87. ये चित्र किसका है–

(क) चंद्रमा का (ख) सूर्य का (ग) पृथ्वी का (घ) आकाश का

88. सूर्य का उदय कब होता है ?

(क) प्रातः काल (ख) रात को (ग) शाम को (घ) मध्यरात्रि को

89. सूर्य के ऊपर क्या दिखाई दे रहा है ?

(क) बादल (ख) चंद्रमा (ग) पानी (घ) मंगल ग्रह

90. सूर्य का पर्यायवाची है–

(क) दिनकर (ख) मंयक (ग) इन्दु (घ) नीर

91. सूर्य कहाँ दिखाई देता है ?

(क) जमीन पर (ख) पाताल में (ग) आकाश में (घ) तालाब में

92. सूर्य से हमें क्या मिलता है ?

(क) प्रकाश (ख) अंधेरा (ग) छाया (घ) बादल

93. 'प्रकाश' का विलोम शब्द है–

(क) काला (ख) सफेद (ग) नीला (घ) अंधकार

94. बादल से हमें क्या मिलता है ?

(क) गर्मी (ख) वर्षा (ग) आग (घ) रोशनी

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

पशुओं को चौपाया कहते हैं क्योंकि उनके चार पैर होते हैं। पशुओं का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। वे विभिन्न प्रकार से हमारी सहायता करते हैं। वास्तव में वे हमारे सच्चे मित्र हैं। उनसे हमें दूध मिलता है जिससे

विभिन्न खाद्य पदार्थ बनाये जाते हैं। इसके अलावा पशुओं से हमें चमड़ा, माँस, ऊन आदि पदार्थ प्राप्त होते हैं। गाय के गोबर से खाद बनती है। गोबर से बने उपले एवं गैस पर भोजन पकाया जाता है। गाय का मूत्र बहुत उपयोगी है इससे कई रोगों का नाश होता है।

95. चौपाया किसे कहा जाता है ?

(क) मानव को (ख) पक्षी को (ग) पशुओं को (घ) इनमें से कोई नहीं

96. चौपाया के पैर कितने होते हैं ?

(क) पाँच (ख) चार (ग) आठ (घ) तीन

97. पशु हमारे जीवन में क्या करते हैं ?

(क) सहायता (ख) दुश्मनी (ग) लड़ाई (घ) पढ़ाई

98. पशुओं से हमें क्या मिलता है ?

(क) गेहूँ (ख) दूध (ग) मिठाई (घ) घास

99. पशु के मरने के बाद उसके चमड़े से क्या बनता है ?

(क) बेल्ट (ख) जूते (ग) बेग (घ) उपर्युक्त सभी

100. भेड़ से हमें क्या प्राप्त होता है ?

(क) ऊन (ख) रुई (ग) भोजन (घ) चमड़ा

101. गाय के गोबर से क्या बनता है ?

(क) भोजन (ख) खाद (ग) दही (घ) दूध

102. 'गाय' का विपरीत लिंग है–

(क) भैंस (ख) बकरी (ग) बैल (घ) ऊँट

103. 'मित्र' का पर्यायवाची शब्द है–

(क) दुश्मन (ख) दोस्त (ग) भाई (घ) बहन

104. कई रोगों का नाश किस से होता है ?

(क) माँस (ख) गो–मूत्र (ग) गोबर (घ) इनमें से कोई नहीं

105. हमारे सच्चे मित्र कौन हैं ?

(क) मानव (ख) पशु (ग) साँप (घ) सपेरा

**नोटः– परीक्षक कहानी पढ़कर सुनाएँ एवं निम्न प्रश्नों के उत्तर करने को कहें।**

एक लोमड़ी बहुत भूखी थी। वह भोजन की खोज में इधर–उधर भटकने लगी। वह एक बाग में जा पहुँची। वहाँ उसने एक बेल पर अंगूर लगे देखे। लोमड़ी के मुँह में पानी आ गया। वह अंगूर तोड़ने के लिए बार–बार उछलने लगी, पर अंगूर बहुत ऊँचाई पर थे। वह वहाँ तक नहीं पहुँच पाई और निराश हो गई। वह अपने मन को यह कहकर समझाने लगी कि अंगूर तो खट्टे हैं। इनको खाने से मैं बीमार हो जाऊँगी।

106. भूखी कौन थी ?

(क) कुत्ता (ख) बिल्ली (ग) गाय (घ) लोमड़ी

107. भोजन की खोज में लोमड़ी कहाँ पहुँची ?

(क) गाँव में (ख) शहर में (ग) बाग में (घ) स्कूल में

108. लोमड़ी ने अंगूर कहाँ देखे ?

(क) टेबल पर (ख) बेल पर (ग) पेड़ पर (घ) कुर्सी पर

109. अंगूर तोड़ने के लिए लोमड़ी क्या करने लगी ?

(क) उछलने लगी (ख) भागने लगी (ग) रोने लगी (घ) दुःखी हो कर बैठ गई

110. लोमड़ी के मुँह में पानी क्यों आ गया ?

(क) बाग को देखकर (ख) भोजन देखकर (ग) अंगूर देखकर (घ) पानी देखकर

111. लोमड़ी अंगूर क्यों नहीं खा पाई ?

(क) अंगूर खट्टे थे (ख) अंगूर कच्चे थे

(ग) अंगूर सड़े थे (घ) अंगूर बहुत ऊँचाई पर थे

112. 'खट्टे' शब्द का उल्टा शब्द है –

(क) कड़वा (ख) मीठे (ग) चटपटा (घ) तीखा

113. 'पानी' शब्द का पर्यायवाची है–

(क) आग (ख) हवा (ग) जल (घ) पवन

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

भारत त्योहारों वाला देश है। यहाँ वर्ष भर अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। दीपावली हिंदुओं का सबसे प्रमुख त्योहार है। यह प्रकाश का पर्व है। यह त्योहार भारत में उत्साह–उमंग के साथ प्रतिवर्ष कार्तिक माह की अमावस्या को मनाया जाता है। दीपावली का अर्थ होता है दीपों की अवली अर्थात् दीपों की पंक्ति। इस दिन दीपों की कतार से हर घर जगमगा उठता है। कहा जाता है कि रामचन्द्र जी रावण का वध करके चौदह वर्ष बाद कार्तिक मास की अमावस्या को ही अयोध्या लौटकर आए थे। उनके आने की खुशी में अयोध्यावासियों ने अपने घरों में घी के दीये जलाकर, अमावस्या की अंधेरी रात को भी प्रकाशमयी बना दिया था।

वर्षा ऋतु के बाद आने के कारण चारों ओर गंदगी, मच्छर मकड़ी आदि पैदा हो जाते हैं इसलिए इस अवसर पर घरों की सफाई–पुताई भी की जाती है जिससे की कीड़े–मकोड़ों का नाश भी होता है।

114. भारत में मनाएँ जाते हैं–

(क) त्योहार (ख) पूजा (ग) नृत्य (घ) मृत्युभोज

115. दीपावली किस धर्म का प्रमुख त्योहार है ?

(क) मुस्लिम का (ख) हिंदुओं का (ग) ईसाइयों का (घ) सिक्खों का

116. दीपावली का त्योहार किस तिथि को मनाते हैं ?

(क) शरद पूर्णिमा को (ख) जन्माष्टमी को

(ग) कार्तिकमास की अमावस्या को (घ) गोगा नवमी को

117. दीपावली का क्या अर्थ है ?

(क) दीपों की पंक्ति (ख) दीपों की दुकान

(ग) चोरी के दीये (घ) मिठाई–उत्सव

118. दीपावली का त्योहार किस खुशी में मनाते हैं ?

(क) राम द्वारा रावण के वध की (ख) राम की शादी की

(ग) राम के देशनिकाले की (घ) राम के पुत्र जन्म की

119. दीपावली पर अयोध्यावासियों ने किसके दीये जलाए थे ?

(क) सरसों के तेल के (ख) मूँगफली के तेल के

(ग) घी के (घ) अरण्डी के तेल के

120. दीपावली का त्योहार किस ऋतु के बाद आता है ?

(क) सर्दी (ख) गर्मी (ग) वर्षा (घ) वसंत

121. दीपावली के अवसर पर घरों में क्या किया जाता है ?

(क) घरों की सफाई (ख) घर को बन्द किया जाता है।

(ग) घरों में खेल खेलते हैं। (घ) घरों में पौधे लगाते हैं।

122. त्योहारों का देश है–

(क) भारत (ख) बर्मा (ग) श्री लंका (घ) अमेरीका

123. रावण का वध किसने किया ?

(क) हनुमान (ख) लक्ष्मण (ग) विभीषण (घ) राम

124. राम को कितने वर्ष का वनवास मिला था?

(क) 12 वर्ष (ख) 10 वर्ष (ग) 14 वर्ष (घ) 16 वर्ष

125. घरों की सफाई क्यों की जाती है ?

(क) दीये जलाने के लिए (ख) कीटाणुओं के नाश के लिए

(ग) बाहर जाने के लिए (घ) जानवर पालने के लिए

126. निम्न में से कौनसा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है ?

(क) कारतीक (ख) कार्तिक (ग) कातिक (घ) कारतिक

127. प्रकाश का विलोम शब्द है–

(क) रात (ख) दिन (ग) अंधेरा (घ) उजाला

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

ईश्वर ने अनेक सुंदर पशु–पक्षी बनाए हैं। उनमें से सबसे सुंदर पक्षी है मोर अपनी सुंदरता के कारण यह भारत का 'राष्ट्रीय पक्षी' है। मोर की गर्दन नीले रंग की, पतली और लंबी होती है। उसके सिर पर एक कलंगी होती है जो मुकुट की तरह लगती है। मोर के पंख बहुत सुन्दर होते हैं। इन्हें मोर पंख कहते हैं। इसके पंखों पर रंग–बिरंगे चाँद बने रहते हैं। वर्षा ऋतु में जब बादल गरजते हैं तो काली–काली घटाओं को देखकर मोर अपने पंख फैलाकर नाचने लगता है।

मोर किसान का मित्र कहलाता है। वह खेत के कीड़े–मकोड़ों को खा जाता है। मोर साँप का शत्रु होता है। सरकार ने मोर के शिकार पर पाबंदी लगा रखी है।

128. अनेक सुंदर पशु–पक्षी किसने बनाये हैं ?

(क) ईश्वर ने (ख) गाय ने (ग) बादल ने (घ) मानव ने

129. सबसे सुंदर पक्षी कौन है ?

(क) बतख (ख) चिड़ियाँ (ग) कबूतर (घ) मोर

130. भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन सा हैं ?

(क) तोता (ख) मैना (ग) मोर (घ) चिड़ियाँ

131. मोर के सिर पर होता है–

(क) मुकुट (ख) पंख (ग) कलंगी (घ) ताज

132. रंग–बिरंगे चाँद कहाँ बने होते हैं ?

(क) मोर के पंखों पर (ख) मोर के पैरों पर

(ग) मोर के मुँह पर (घ) कहीं भी नहीं

133. मोर किसको देखकर नाचने लगता है ?

(क) सूर्य को देखकर (ख) चंद्रमा को देखकर

(ग) धूप को देखकर (घ) काली–काली घटाओं को देखकर

134. मोर किसका मित्र है ?

(क) कबूतर का (ख) मैना का (ग) किसान का (घ) मजदूर का

135. मोर अधिकतर किस ऋतु में नाचता है ?

(क) वर्षा ऋतु में (ख) गर्मी ऋतु में (ग) सर्दी ऋतु में (घ) पतझड़ में

136. साँप का शत्रु कौन है ?

(क) बतख (ख) तोता (ग) चूहा (घ) मोर

137. सरकार ने किसके शिकार पर पाबंदी लगा रखी है ?

(क) कोयल (ख) कौआ (ग) गिलहरी (घ) मोर

138. 'मोर' का स्त्रीलिंग शब्द है–

(क) शेरनी (ख) हिरणी (ग) मोरनी (घ) गिलहरी

## निम्नलिखित शब्दों को पूरा करें–

139. पह.........वान

(क) म (ख) ल (ग) ना (घ) ज

140. बलि...........न

(क) मा (ख) जा (ग) दा (घ) पा

141. आ......दी

(क) जा (ख) ता (ग) सा (घ) ना

142. ना.....यल

(क) ति (ख) मि (ग) रि (घ) टि

143. वि......षण

(क) पे (ख) गे (ग) चे (घ) शे

144. फल...........र

(क) जा (ख) दा (ग) ना (घ) ता

145. पा.......शाला

(क) म (ख) ठ (ग) त (घ) ब

146. समा..........र

(क) वा (ख) या (ग) चा (घ) घा

147. ब......मदा

(क) हा (ख) रा (ग) दा (घ) ना

148. 'खर......श'

(क) गो (ख) च (ग) श (घ) ट

149. ट.....टर

(क) जा (ख) मा (ग) चा (घ) ना

150. रेल......डी

(क) ना (ख) पा (ग) नि (घ) गा

151. म.....राज

(क) हा (ख) जा (ग) का (घ) ना

152. उप.....र

(क) ता (ख) हा (ग) चा (घ) मा

153. गा...........र

(क) न (ख) च (ग) भा (घ) ज

154. शिष्टा........र

(क) पा (ख) चा (ग) गा (घ) टा

155. द..........हरा

(क) श (ख) द (ग) टा (घ) प

156. दुका........दार

(क) च (ख) द (ग) न (घ) क

157. भग....न

(क) वा (ख) पा (ग) प (घ) चा

**नीचे दिए गए चित्र को देखिए–**




**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प चुनिए–**

158. प्रथम चित्र में क्या बना हुआ है?

(क) झुमका (ख) अंगूठी (ग) कंगन (घ) हार

159. हार किस अंग में पहना जाता है?

(क) हाथ में (ख) पैर में (ग) गले में (घ) कान में

160. चारों चित्रों में जो आकृतियाँ है उन्हें क्या कहते हैं ?

(क) रुपया (ख) मुद्रा (ग) जेवर (घ) चित्र

161. दूसरे चित्र में बनी आकृति को किस अंग में पहना जाता है ?

(क) अंगुली में (ख) हाथ में (ग) पैर में (घ) कान में

162. कंगन कौन पहनता है ?

(क) स्त्रियाँ (ख) बच्चे (ग) पुरुष (घ) उपर्युक्त सभी

163. कंगन की ही तरह स्त्रियाँ हाथ में और क्या पहनती हैं ?

(क) अंगूठी (ख) राखी (ग) चूड़ियाँ (घ) पायल

164. तीसरे चित्र में क्या दिखाई दे रहा है ?

(क) पायल (ख) झुमका (ग) नथनी (घ) अंगूठी

165. अंगूठी कहाँ पहनी जाती है ?

(क) कान में (ख) हाथ की अंगुली में (ग) पैर की अंगुली में (घ) नाक में

166. चौथे चित्र की आकृति में कौन सा आभूषण है ?

(क) हार (ख) झुमका (ग) पायल (घ) अंगूठी

167. झुमका किस अंग में पहना जाता है ?

(क) कान में (ख) नाक में (ग) गले में (घ) हाथ में

168. चित्र में बताए गए आभूषण प्रायः किस धातु से बनते हैं ?

(क) काँच के (ख) पत्थर के (ग) सोने के (घ) उपर्युक्त सभी

169. आभूषण का पर्यायवाची शब्द है ?

(क) गहने (ख) आवरण (ग) आचरण (घ) गहन

**निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

युग–युग से हम रहे उपासक
गैंती और कुदाली के
हल की नोक लिए लिखते हम
गीत यहाँ खुशहाली के

दर्शन होते इन्द्रधनुष के
या सन्ध्या की लाली के
हल की नोक लिए लिखते हम
गीत यहाँ खुशहाली के

कोयल, मोर, पपीहे, गाते
श्याम घटा धहराती है
मधुर स्वरों में कोकिल कंठी
बहुएँ गीत सुनाती हैं।

170. युग–युग से हम किसके उपासक रहे हैं ?

(क) गैंती व कुदाली के (ख) पेड़–पौधे (ग) कुओं व तालाब के (घ) खेतों व खलिहानों के

171. गैंती व कुदाली क्या काम आती है ?

(क) खाना बनाने में (ख) खेतों में खुदाई के काम में

(ग) खेलने में (घ) सवारी करने में

172. हल की नोक से किसके गीत लिखते हैं ?

(क) खुशहाली के (ख) रोने के (ग) नाचने के (घ) विदाई करने के

173. वर्षा ऋतु में आकाश में किसके दर्शन होते हैं ?

(क) राम के (ख) रावण के (ग) हनुमान के (घ) इंद्र धनुष के

174. वर्षा के मौसम में गीत कौन गाता है ?

(क) कौआ (ख) बतख (ग) कोयल (घ) तोता

175. मधुर कंठ वाला पक्षी कौनसा है ?

क) कोयल (ख) कौआ (ग) मोर (घ) हंस

176. इंद्रधनुष कौन से मौसम में दिखाई देता है ?

क) सर्दी में (ख) वर्षा में (ग) गर्मी में (घ) कभी नहीं

177. इंद्रधनुष में कितने रंग होते हैं ?

क) पाँच (ख) सात (ग) छः (घ) आठ

178. संध्या का विलोम शब्द है।

(क) प्रातः (ख) दोपहर (ग) रात्रि (घ) अपराह्न

179. मधुर का अर्थ होता है–

(क) कड़वा (ख) मीठा (ग) कसेला (घ) खारा

180. गीत कौन सुनाता है ?

(क) चिड़िया (ख) बहुएँ (ग) बगुला (घ) कबूतर

181. वर्षा के मौसम में कौनसा पक्षी नाचता है ?

(क) मुर्गा (ख) बतख (ग) कबूतर (घ) मोर

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

गुरमीत रमजान के महीने में दरगाह शरीफ देखने अजमेर गया। इस महीने में गाड़ी में बड़ी भीड़ थी। दरगाह के पास सदर दरवाजा और उसी के सामने बुलंद दरवाज़ा देखने लायक है। गुरमीत के दोस्त रज्जाक ने बताया कि इसी के अन्दर ख्वाजा साहब की दरगाह है और ये बड़े–बड़े कड़ाह इनको देग कहते है। इस बड़े देग में सौ मन से ज्यादा चावल का जरदा पक सकता है और छोटे में 60 मन। उर्स के समय वही प्रसाद बाँटा जाता है। उसे 'देग लूटना' कहते हैं।

182. गुरमीत कौन से महीने में दरगाह देखने गया' ?

(क) सावन के महीने में (ख) रमजान के महीने में

(ग) मोहर्रम के महीने में (घ) रजब के महीने में

183. दरगाह के पास कौनसा दरवाज़ा देखने योग्य है ?

(क) बुलंद दरवाज़ा (ख) दिल्ली दरवाजा

(ग) लाल दरवाज़ा (घ) चाँदनी दरवाज़ा

184. दरगाह के अन्दर कड़ाह की संख्या है ?

(क) एक (ख) तीन (ग) दो (घ) चार

185. इस कड़ाह में क्या पकाया जाता है ?

(क) चावल का जरदा (ख) रबड़ी (ग) हलुवा (घ) जलेबी

186. बडे कड़ाह में कितने मन चावल पकता है ?

(क) 60 मन (ख) 100 मन (ग) 50 मन (घ) 80 मन

187. गुरमीत के दोस्त का नाम था–

(क) रज्ज़ाक (ख) रफीक (ग) सलमान (घ) शाहरूख

188. उर्स के समय बाँटे जाने वाले प्रसाद को कहते हैं–

(क) देग लूटना (ख) अन्नकूट लूटना (ग) लंगर लूटना (घ) उपर्युक्त सभी

189. ''बड़े'' का विलोम शब्द है।

(क) मोटा (ख) छोटे (ग) पतला (घ) लम्बा

190. अजमेर में किसकी दरगाह स्थित है ?

(क) ख्वाजा साहब की (ख) मस्तान बाबा की (ग) अकबर की दरगाह (घ) मीरादातार की

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

बन्दर, खरगोश और कछुआ तीनों एक दूसरे के अच्छे दोस्त थे। वे तीनों रेगिस्तान की यात्रा करना चाहते थे। अगली सुबह वे ऊँट चाचा के साथ रेगिस्तान की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने अपने साथ खाना और पानी ले लिया था। रेगिस्तान में वे चारों अभी थोड़ा ही चले थे ऊँट के अलावा उन तीनों के पैर रेतीली जमीन मे धँसने लगे। ऊँट ने कहा, तुम लोग मेरी पीठ पर सवार हो जाओ। मेरे तलवे इतने बड़े है कि वे रेत में धँसते नहीं। लोग मुझे 'रेगिस्तान का जहाज' भी कहते हैं।

रेगिस्तान में चलते–चलते तीनों को प्यास लगी। उन्होंने पानी पीया। खरगोश ने ऊँट से पूछा। क्या आपको भी प्यास लगी है? ऊँट ने कहा मुझे जल्दी प्यास नहीं सताती, क्योंकि मेरे पेट में दो–तीन थैलियाँ होती हैं। एक बार में मैं बहुत सारा पानी पी लेता हूँ, जिससे थैलियाँ भर जाती हैं। मेरी कूबड़ में भोजन से बनी चर्बी जमा रहती है। इससे मेरे भोजन की जरूरत पूरी हो जाती है।

191. बन्दर, खरगोश और कछुआ तीनों एक दूसरे के क्या थे ?

(क) दोस्त (ख) दुश्मन (ग) भाई (घ) बहन

192. ये तीनों कहाँ की यात्रा करना चाहते थे ?

(क) पाकिस्तान (ख) रेगिस्तान (ग) अफगानिस्तान (घ) कजाकिस्तान

193. वे तीनों किसके साथ रेगिस्तान की यात्रा करना चाहते थे ?

(क) हाथी के साथ (ख) घोड़े के साथ (ग) ऊँट के साथ (घ) याक के साथ

194. वे तीनों अपने साथ यात्रा में क्या लेकर गये ?

(क) डंडा (ख) कपड़े (ग) जूते (घ) खाना व पानी

195. रेगिस्तान में चलते समय तीनों के पैर किसमें धँस गये ?

(क) पानी में (ख) कीचड़ में (ग) रेत में (घ) घास में

196. रेगिस्तान का जहाज कहा जाता है–

(क) गधे को (ख) घोड़े को (ग) बकरी को (घ) ऊँट को

197. ऊँट के पेट में पानी के लिए क्या होती है ?

(क) थैलियाँ (ख) पेटियाँ (ग) नलियाँ (घ) उपर्युक्त सभी

198. ऊँट के शरीर में भोजन से बनी चर्बी कहाँ जमा रहती है?

(क) पेट में (ख) पैरों में (ग) पूँछ में (घ) कूबड़ में

199. ''थैली'' शब्द का बहुवचन है–

(क) थैला (ख) बैग (ग) थैलियाँ (घ) कोई नहीं

200. ''चाचा'' शब्द का स्त्रीलिंग है–

(क) नानी (ख) दादी (ग) मामी (घ) चाची

## उत्तरमाला (हिन्दी)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (घ) | 2. | (घ) | 3. | (क) | 4. | (ग) | 5. | (ग) |
| 6. | (घ) | 7. | (ख) | 8. | (ग) | 9. | (क) | 10. | (क) |
| 11. | (ख) | 12. | (ख) | 13. | (घ) | 14. | (ग) | 15. | (ख) |
| 16. | (ग) | 17. | (क) | 18. | (घ) | 19. | (ख) | 20. | (ग) |
| 21. | (क) | 22. | (ख) | 23. | (क) | 24. | (ग) | 25. | (ख) |
| 26. | (ग) | 27. | (क) | 28. | (ख) | 29. | (क) | 30. | (ख) |
| 31. | (ख) | 32. | (ग) | 33. | (क) | 34. | (घ) | 35. | (क) |
| 36. | (घ) | 37. | (ख) | 38. | (ख) | 39. | (ग) | 40. | (ख) |
| 41. | (ग) | 42. | (ख) | 43. | (घ) | 44. | (ख) | 45. | (क) |
| 46. | (क) | 47. | (ख) | 48. | (ग) | 49. | (ग) | 50. | (ख) |
| 51. | (क) | 52. | (ख) | 53. | (क) | 54. | (घ) | 55. | (क) |
| 56. | (ख) | 57. | (ग) | 58. | (घ) | 59. | (ख) | 60. | (ख) |
| 61. | (ग) | 62. | (क) | 63. | (ख) | 64. | (क) | 65. | (ख) |
| 66. | (क) | 67. | (ग) | 68. | (क) | 69. | (क) | 70. | (घ) |
| 71. | (क) | 72. | (क) | 73. | (ख) | 74. | (ख) | 75. | (ग) |
| 76. | (ख) | 77. | (क) | 78. | (क) | 79. | (ख) | 80. | (क) |
| 81. | (ग) | 82. | (ख) | 83. | (घ) | 84. | (क) | 85. | (ख) |
| 86. | (ख) | 87. | (ख) | 88. | (क) | 89. | (क) | | |
| 90. | (क) | 91. | (ग) | 92. | (क) | 93. | (घ) | 94. | (ख) |
| 95. | (ग) | 96. | (ख) | 97. | (क) | 98. | (ख) | 99. | (घ) |
| 100. | (क) | 101. | (ख) | 102. | (ग) | 103. | (ख) | 104. | (ख) |
| 105. | (ख) | 106. | (घ) | 107. | (ग) | 108. | (ख) | 109. | (क) |
| 110. | (ग) | 111. | (घ) | 112. | (ख) | 113. | (ग) | 114. | (क) |
| 115. | (ख) | 116. | (ग) | 117. | (क) | 118. | (क) | 119. | (ग) |
| 120. | (ग) | 121. | (क) | 122. | (क) | 123. | (घ) | 124. | (ग) |
| 125. | (ख) | 126. | (ख) | 127. | (ग) | 128. | (क) | 129. | (घ) |
| 130. | (ग) | 131. | (ग) | 132. | (क) | 133. | (घ) | 134. | (ग) |
| 135. | (क) | 136. | (घ) | 137. | (घ) | 138. | (ग) | 139. | (ख) |
| 140. | (ग) | 141. | (क) | 142. | (ग) | 143. | (घ) | 144. | (ख) |
| 145. | (ख) | 146. | (ग) | 147. | (ख) | 148. | (क) | 149. | (ख) |
| 150. | (घ) | 151. | (क) | 152. | (ख) | 153. | (घ) | 154. | (ख) |
| 155. | (क) | 156. | (ग) | 157. | (क) | 158. | (घ) | 159. | (ग) |
| 160. | (ग) | 161. | (ख) | 162. | (क) | 163. | (ग) | 164. | (घ) |
| 165. | (ख) | 166. | (ख) | 167. | (क) | 168. | (ग) | 169. | (क) |
| 170. | (क) | 171. | (ख) | 172. | (क) | 173. | (घ) | 174. | (ग) |
| 175. | (क) | 176. | (ख) | 177. | (ख) | 178. | (क) | 179. | (ख) |
| 180. | (ख) | 181. | (घ) | 182. | (ख) | 183. | (क) | | |
| 184. | (ग) | 185. | (क) | 186. | (ख) | 187. | (क) | 188. | (क) |
| 189. | (ख) | 190. | (क) | 191. | (क) | 192. | (ख) | 193. | (ग) |
| 194. | (घ) | 195. | (ग) | 196. | (घ) | 197. | (क) | 198. | (घ) |
| 199. | (ग) | 200. | (घ) | | | | | | |

# NAS 2017 कक्षा –3 (हिन्दी)

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

स्कूल छूटने में देर थी। सब बच्चे खेल रहे थे। एक लड़का जिसका नाम कुटकुट था वह भी उसके साथ खेलने के लिए गया। लेकिन राजू के साथ कोई नहीं खेला था। उसे बहुत बुरा लग रहा था। थोड़ी देर में टन–टन–टन की आवाज सुनाई दी। सब बच्चे टनटन सुनकर अपने–अपने घर चले गए। राजू भी घर आ गया। उसका मन किसी भी काम में नहीं लग रहा था। मम्मी ने पूछा – तुम इतने उदास क्यों हो? उसने कहा – मम्मी, मुझे कोई नहीं खेलाता है। मम्मी ने कहा इसमें उदास होने की क्या बात है? कल तुम अपने दोस्तों को कहना कि वे तुम्हें अपने खेल में शामिल करें। दूसरे दिन राजू स्कूल गया और अपने दोस्तों से बोला – ''मैं भी तुम्हारे साथ खेलूँगा।'' उसके दोस्त उसे पकड़कर खेल के मैदान में ले गए। वह भी खेलने लगा। उस दिन उसे बहुत खुशी हुई।

1. इस कहानी में बच्चे किसके साथ नहीं खेल रहे थे?
   (क) गुड़िया को (ख) राजू को (ग) मम्मी को (घ) चुनमुन को
2. बच्चे घर कब गए।
   (क) जब उसकी माँ ने बुलाया। (ख) स्कूल की घंटी बजने के बाद
   (ग) उनका खेल खत्म होने के बाद (घ) जब उनके दोस्तों ने आने को कहा।
3. राजू की परेशानी सुनने के बाद माँ ने उसे .............
   (क) सजा दी। (ख) सलाह दी। (ग) प्यार किया। (घ) प्रशंसा की।
4. राजू के दोस्त उसे हाथ पकड़कर क्यों ले गए?
   (क) उसके साथ खेलने के लिए (ख) उसे अध्यापक के पास ले जाने के लिए
   (ग) उसे स्कूल से बाहर निकालने के लिए (घ) उसे पढ़ाई करवाने के लिए
5. 'उस <u>दिन</u> उसे बहुत खुशी हुई।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द का उल्टे अर्थ वाला शब्द कौन–सा है?
   (क) सुबह (ख) रात (ग) शाम (घ) दोपहर




6. अध्यापक ने क्या प्रश्न पूछा है?
   (क) दूध कैसे पीते हैं? (ख) दूध से दही कैसे बनाते हैं?
   (ग) दूध का स्वाद कैसा होता हैं? (घ) हम दूध को खराब होने से कैसे बचा सकते हैं?

7. इनमें से कौन–सा शब्द चित्र में भी है?

(क) चबाना (ख) बेचना (ग) पी लेना (घ) खेलना

8. इस चित्र में कौन–सा 'नाम वाला' है?

(क) बताओ (ख) चाहिए (ग) दूध (घ) खराब

9. इस चित्र में दिखाया गया बच्चा .................... है।

(क) हाज़िर–जवाब (ख) सुस्त (ग) बीमार (घ) शर्मीला

10. निम्न विकल्पों में से किसका अर्थ 'खराब दूध' के समान है?

(क) खट्टा दूध (ख) मलाईदार दूध (ग) गर्म दूध (घ) मीठा दूध

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

जंगल में हाथियों का परिवार एक नदी के किनारे रहता था। एक बार गर्मियों में वर्षा नहीं हुई और नदी सूख गई। हाथियों के लिए पीने का पानी नहीं था। हाथी का बच्चा बीमार हो गया। हाथियों का परिवार पानी की खोज में घूमने लगा। तीन दिन बाद उन्हें एक झील दिखाई दी। झील में बहुत सारा पानी था। सभी हाथियों ने पानी पीकर अपनी प्यास बुझाई और उस दिन से वे झील के किनारे खुशी–खुशी रहने लगे।

11. यह कहानी किसके बारे में है?

(क) हाथियों (ख) जंगल (ग) नदी (घ) झील

12. हाथियों का परिवार कहाँ रहता था?

(क) कुँए के पास (ख) नदी के पास (ग) झील के पास (घ) पहाड़ी की पास

13. पीने का पानी न होने के कारण कौन बीमार पड़ गया?

(क) सभी हाथी (ख) सभी जानवर (ग) हाथी का बच्चा (घ) बूढ़ा हाथी

14. हाथीयों ने क्या खोजा ?

(क) पेड़ (ख) पानी (ग) भोजन (घ) जंगल

15. 'नन्हा हाथी <u>बीमार</u> हो गया।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द का उल्टे अर्थ वाला शब्द कौन–सा है?

(क) मोटा (ख) पतला (ग) कमजोर (घ) स्वस्थ

## निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

एक गौरैया बहुत प्यासी थी। एक दीवार के पास उसे एक नल नजर आया। दूर–दूर तक कहीं पानी का अता–पता नहीं था। गौरैया थक गई थी। तभी उसने देखा कि सामने वाले घर से एक लड़की बाहर निकली है। लड़की के हाथों में पानी से भरा एक लोटा था। लड़की ने पेड़ के नीचे रखे मिट्टी के कटोरे को पानी से भर दिया और वापस चली गई। वह फुर्र से उड़कर नीचे उतरी और जी भरकर पानी पिया।

16. यह कहानी किसके बारे में है?

(क) एक लड़की (ख) एक कौआ (ग) एक गौरैया (घ) एक गिलहरी

17. पानी को खोजते हुए थकी हुई गौरैया कहाँ बैठ गई?
(क) लोटे पर (ख) दीवार पर (ग) नल पर (घ) पेड़ की डाल पर

18. गौरैया को किसकी तलाश थी?
(क) दाने की (ख) पानी की (ग) लड़की की (घ) कटोरे की

19. गौरैया ने दीवार के पास एक ............... देखा।
(क) पेड़ (ख) नल (ग) लोटा (घ) कटोरा

20. लड़की ने .................... के नीचे रखे मिट्टी के कटोरे में पानी डाला।
(क) पेड़ (ख) पौधे (ग) नल (घ) छल

**नीचे दिए गए कैलेण्डर को देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**जनवरी** **2011**

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरूवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 नववर्ष | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 लोहड़ी | 14 पोंगल | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 गणतंत्र दिवस | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

21. 26 जनवरी को क्या था?
(क) पोंगल (ख) गणतंत्र दिवस (ग) लोहड़ी (घ) नववर्ष

22. जनवरी 2011 में कितने रविवार थे?
(क) तीन (ख) चार (ग) पाँच (घ) छः

23. जनवरी माह का अंतिम शुक्रवार किस तारीख को था?
(क) 6 (ख) 27 (ग) 29 (घ) 31

24. लोहड़ी किस दिन मनाई थी?
(क) मंगलवार (ख) बुधवार (ग) गुरूवार (घ) शुक्रवार

25. लोहड़ी के ठीक बाद वाला रविवार कौन–सी तारीख को पड़ता है?
(क) 8 (ख) 14 (ग) 15 (घ) 17

# NAS प्रश्न बैंक

# कक्षा–3

# विषय – गणित

# गणित

1. दी गई संख्या से ठीक पहले आने वाली संख्या क्या होगी ?

   ........, ........ 198, 199, 200

   (अ) 201, 202 (ब) 196, 197 (स) 203, 204 (द) 195, 190

2. सारणी में छूटी हुई संख्याएँ लिखिए?

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 313 | | | | 317 |

   (अ) 315, 316, 318 (ब) 312, 315, 314

   (स) 314, 315, 316 (द) 316, 314, 315

3. विस्तारित रूप 200 + 70 + 9 का मान बताइये?

   (अ) 297 (ब) 279 (स) 729 (द) 972

4. यदि 5 पेनों का मूल्य 50 ₹ है तो 1 पेन का मूल्य होगा?

   (अ) 250 ₹ (ब) 25 ₹ (स) 10 ₹ (द) 100 ₹

5. निम्न संख्याओं को बढते क्रम में लिखिये?

   103, 100, 99, 102, 101

   (अ) 99, 100, 101, 103, 102 (ब) 99, 100, 101, 102, 103

   (स) 99, 103, 102, 101, 100 (द) 99, 102, 103, 100, 101

6. एक विद्यालय को 68 झंडियाँ दी गई। इनमें से 3 [illegible] ँ [illegible] तो [illegible] ि

   (अ) 28 (ब) 48 (स) 38 (द) 58

7. 

   दी गई प्लेटों में बिस्किट की संख्या का कौनसा जोड़ क्रम सही है?

   (अ) 6 + 2 + 1 + 7 (ब) 6 + 5 + 2 + 3 (स) 5 + 4 + 3 + 2 (द) 3 + 4 + 5 + 2

8. एक डिब्बे में 5 गेंदे हैं तथा दूसरे डिब्बे में 4 गेंदे हैं तो दोनों डिब्बों में कुल कितनी गेंदे हैं?

   (अ) 9 (ब) 5 (स) 4 (द) 10

9. यदि 18 आम को 3 बच्चों में बराबर–बराबर बाँटे तो हर बच्चे को कितने–कितने आम मिलेंगे?

   (अ) 5 (ब) 6 (स) 3 (द) 18

10. निम्न सिक्कों को जोड़कर उनका मूल्य बताइए?



   (अ) 15 (ब) 18 (स) 20 (द) 16

11. संख्या 753 में दहाई के स्थान पर कौनसा अंक है।

(अ) 3 (ब) 5 (स) 7 (द) इनमें से कोई नहीं

12. निम्न में से कौन सा संबंध गलत है–

(अ) $583 < 585$ (ब) $110 > 101$ (स) $430 > 340$ (द) $290 < 209$

13. संख्या 222 का विस्तारित रूप का सही क्रम है –

(अ) $200 + 02 + 20$ (ब) $002 + 020 + 200$

(स) $200 + 20 + 2$ (द) $020 + 200 + 2$

14. सीता ने कुल 25 पेड़ लगाए। हर प्रकार के पाँच–पाँच पेड़ लगाए तो बताइये कितने प्रकार के पेड़ लगाए–

(अ) 4 (ब) 5 (स) 6 (द) 3

15. राम हर दिन चार प्रश्न हल करता है तो 10 दिन में कुल कितने प्रश्नों को हल कर चुका होगा।

(अ) $4 \div 10$ (ब) $4 \times 10$ (स) $4 + 10$ (द) $10 \div 4$

16. कमल ने 80 पेड़ आम के 138 पेड़ केले के लगाए उनमें से 58 पेड़ सूख गए तो कुल कितने पेड़ बचे?

(अ) 218 (ब) 196 (स) 160 (द) 238

17. मैंने राम को 20 ₹ के बिस्किट, 55 ₹ के चॉकलेट, 35 ₹ की आइसक्रीम दी तो राम मुझे कितनी धन राशि देगा।

(अ) 120 ₹ (ब) 105 ₹ (स) 110 ₹ (द) 90 ₹

18. आयताकार कागज का एक कोना, यदि तिरछे से काट दिया जाए तो, आयताकार कागज पर कोनों व किनारों की संख्या होगी?

(अ) 4 कोने, 4 किनारे (ब) 4 कोने, 5 किनारे

(स) 5 कोने, 6 किनारे (द) 5 कोने, 5 किनारे

19. किस आकृति में कोने व किनारे नहीं होंगे ?

(अ) कागज (ब) बर्फी (स) टमाटर (द) संदूक

20.  दी गई आकृति में कुल कितने किनारे हैं–

(अ) 10 (ब) 11 (स) 14 (द) 12

21.  आकृति में कुल कितने त्रिभुज हैं?

(अ) 6 (ब) 7 (स) 10 (द) 8

22. संख्या 509 को लिखने का सही प्रकार है ?

(अ) $50 + 9$ (ब) $5 + 0 + 9$ (स) $500 + 9$ (द) $5 + 09$

23. संख्या 36 में अंक 3 का एक कम/न्यून करने पर नयी संख्या होगी।

(अ) 63 (ब) 26 (स) 16 (द) 36

24. $\dot{3}$ का एकाधिकेन होगा ?

(अ) $\dot{3} = 3 - 1 = 2$ (ब) $\dot{3} = 2 + 1 = 3$ (स) $\dot{3} = 3 + 1 = 4$ (द) $\dot{3} = 3 - 0 = 3$

25. गुडडू ने बाजार से कुछ वस्तुएँ खरीदी जिनका कुल मूल्य होगा?

| वस्तुएँ | मूल्य |
|---|---|
| पुस्तक | 10 ₹ |
| कप | 15 ₹ |
| गेंद | 20 ₹ |

(अ) 25 ₹ (ब) 35 ₹ (स) 55 ₹ (द) 45 ₹

26. राजू ने नीचे दिए अनुसार अमरूदों की टोकरियाँ खरीदी?



20 ₹ 25 ₹ 40 ₹

इसके लिए कितनी राशि चुकाई –

(अ) 20 ₹ (ब) 25 ₹ (स) 40 ₹ (द) 85 ₹

27. चेतना के पास 475 ₹ है वह 135 ₹ की चूड़ियाँ [illegible] लेती है? चेतना [illegible] कितने रुपये बचे

(अ) 470 ₹ (ब) 340 ₹ (स) 400 ₹ (द) 130 ₹

28. दिये गये चित्र में कोनों की संख्या कितनी है?



(अ) 1 (ब) 2 (स) 4 (द) 5

29. निम्न चित्रों में से गोले जैसी आकृति को पहचानिए–



1



2



3



4

(अ) आकृति 2 (ब) आकृति 4 (स) आकृति 1 (द) आकृति 3

30. खाली गोले में कौन–सी संख्या आएगी–

74 70 66 62 ( ) 54

(अ) 58 (ब) 52 (स) 54 (द) 56

31. दिए गए पैटर्न को आगे बढाइये?

61, 66, 71 ..............., ................, ............

(अ) 72, 73, 74 (ब) 76, 81, 86 (स) 46, 41, 36 (द) 57, 58, 59

32. 12 पेंसिल में से 1 पेंसिल निकाल दी जाए तो अब पेंसिलों की संख्या होगी। (वैदिक गणित के अनुसार)

(अ) $1\dot{2}$ (ब) $\dot{1}2$ (स) $1\underset{\cdot}{2}$ (द) $\underset{\cdot}{1}2$

33. वैदिक गणित अनुसार 35 से एक अधिक संख्या को दर्शाइए–

**(अ)** $\underset{\cdot}{3}5$ **(ब)** $3\dot{5}$ **(स)** $3\underset{\cdot}{5}$ **(द)** $\dot{3}5$

34. आकृति  को सवा के लिए छायांकित करने पर प्राप्त चित्र होगा–

**(अ)** 

**(ब)** 

**(स)** 

**(द)** 

35. तीन चौथाई का गणितीय रूप होगा।

(अ) $\frac{1}{4}$ (ब) $\frac{3}{4}$ (स) $\frac{4}{3}$ (द) $\frac{4}{1}$

36.  चार भुजा वाले कागज के कितने कोने काटें कि प्राप्त आकृति के किनारे 8 हो जाए–

(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 1

37. आपके पास 17 ₹ है, आप कौन–कौनसी वस्तुएँ खरीदेंगे कि पूरे रुपये खर्च हो जाएँ।




(अ) पेंसिल, पेन, रबर (ब) पटरी, पेन, रबर

(स) पेन, पटरी, पेंसिल (द) इनमें से कोई नहीं

38. आपके पास 20 टॉफियाँ हैं उनमें से आपने आधा हिस्सा दोस्त को दे दिया तो आपके पास कितनी टॉफियाँ बची हैं?

(अ) 12 (ब) 15 (स) 10 (द) 5

39. आपके पास 50 ग्राम मटर, 200 ग्राम टमाटर, 500 ग्राम आलु और 1 किलोग्राम बैंगन है तो सब्जियों का कुल वजन होगा?

(अ) 50g + 200 g + 500 g + 1 Kg (ब) 2Kg + 500g

(स) 50g + 100 g + 2 Kg (द) 2Kg + 200 g + 50 g

40. निम्न आकृतियों के सही क्रम का विकल्प है –



(अ) गोल, चोकोर, त्रिकोन　　(ब) चोकोर, त्रिकोन, गोल

(स) गोल, त्रिकोन, चोकोर　　(द) चोकोर, गोल, त्रिकोन

41. गेंद जैसी आकृति वाले फलों का विकल्प है।

(अ) नारंगी, सेव, केला　　(ब) सेव, केला, तरबूज

(स) तरबूज, नारंगी, सेब　　(द) केला, सेव, नारंगी

42. चित्र में 8 बजे का समय कौनसी घड़ी में दिखा रही है–



घड़ी–1



घड़ी–2



घड़ी–3



घड़ी–4

(अ) घड़ी–2　　(ब) घड़ी–4　　(स) घड़ी–1　　(द) घड़ी–3

43. कैलेंडर को देखकर बताइए कि तारीख 4 को कौनसा वार है?

| वार | रवि | सोम | मगंल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिनांक | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |

(अ) सोम　　(ब) शनि　　(स) बुध　　(द) रवि

44. इन चित्रों में सबसे ज्यादा भार किस वाहन का है?



साइकिल



कार



ट्रक



मोटर साइकिल

(अ) कार　　(ब) ट्रक　　(स) मोटर साइकिल　　(द) साइकिल

45. 2 किलोग्राम+ 5 किलोग्राम+ 1 किलोग्राम मिलाकर कुल वजन होगा ।

(अ) 7 कि.ग्रा.　　(ब) 8 कि.ग्रा.　　(स) 5 कि.ग्रा.　　(द) 10 कि.ग्रा.

46. निम्न जोड़ों में से सबसे भारी को पहचानो ?

(अ) चूहा, बिल्ली　　(ब) हाथी, घोड़ा　　(स) हिरण, खरगोश　　(द) चींटी, कोकरोच

47. दिए गए मटके की धारिता होगी?

| पात्र | भरे जा सकने वाले गिलास की सख्या | भरे जा सकने वाले जग की संख्या | भरे जा सकने वाले कप की संख्या |
|---|---|---|---|
|  | 30 | 10 | 60 |

(अ) 100 जग
(ब) 100 गिलास
(स) 30 गिलास /60 कप
(द) 30 गिलास/10 जग/60 कप

48. नीचे दिए गए पात्रों में सबसे अधिक धारिता वाले पात्र का नाम लिखिये?


लोटा


मटका


गिलास


कप

(अ) कप
(ब) लोटा
(स) मटका
(द) गिलास

49. 'भारी से हल्के' का सही क्रम है?

(अ) ट्रक, कार, बस, साईकल
(ब) बेग, किताब, पेंसिल, आलपिन
(स) थाली, लोठा, चम्मच, ग्लास
(द) अलमारी, टेबल, कुर्सी, सन्दूक

50. राम के पिता जी बाजार से 1 किलो गाजर, 2 किलो आलू, 200 ग्राम धनिया, 500 ग्राम मिर्च, 300 ग्राम टमाटर लेकर आए तो बताइए राम के पिता जी कुल कितना वजन लेकर आए?

(अ) 2 किलो 700 ग्राम
(ब) 3 किलो 500 ग्राम
(स) 3 किलोग्राम
(द) 4 किलोग्राम

51. 1 वर्ष में कितने महीने 30 दिन के होते हैं?

(अ) 5 (ब) 6 (स) 7 (द) 4

52. वर्ष का छठा महीना होता है?

(अ) जुलाई (ब) मई (स) अगस्त (द) जून

53. हिन्दी माह का पहला महीना है ?

(अ) कार्तिक (ब) ज्येष्ठ (स) पौष (द) चैत्र

54. अश्विन के बाद कौन सा हिन्दी माह आता है?

(अ) भाद्रपद (ब) कार्तिक (स) अगहन (द) पौष

55. बुधवार के कितने दिन बाद सोमवार आएगा?

(अ) 2 (ब) 4 (स) 5 (द) 6

56. यदि रविवार को 3 तारीख है तो 13 तारीख किस वार को होगी?

(अ) मंगलवार (ब) गुरुवार (स) रविवार (द) बुधवार

57. निम्न दिए गए पात्रों में से सबसे कम धारिता किस पात्र की होगी–



घड़ा



भगोना



गिलास



ड्रम

(अ) घड़ा (ब) गिलास (स) ड्रम (द) भगोना

58. निम्न में सबसे अधिक धारिता है?

(अ) स्विमिंग पूल (ब) तालाब (स) कुआँ (द) समुद्र

59. निम्न पैटर्न को पूरा कीजिए–

55, 52, 49, ..........., ............, 40.......

(अ) 47, 43, 39 (ब) 46, 45, 47

(स) 46, 43, 37 (द) 48, 45, 37

60. निम्न विकल्प में से अगले चित्र को खोजिए–



_____________

(अ) (ब) (स) (द)



61. राधा 4 बजे खेलने गई और 2 घंटे बाद खेलकर घर लौटी तब घड़ी में क्या समय हुआ होगा–

(अ) 4:00 (ब) 3:30 (स) 6:00 (द) 9:00

62. निम्न में से लंबाई/दूरी की मानक इकाई है –

(अ) मीटर (ब) ग्राम (स) सैकंड (द) लीटर

63. भारतीय अंक 4 को मानक अंक में कैसे लिखा जाता है–

(अ) 1 (ब) 3 (स) 4 (द) 2

**(64–68) निम्न बिल को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर बताइये–**

| **केश मेमो<br>श्रीराम किराणा स्टोर** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **वस्तु का नाम** | **मूल्य प्रति वस्तु** | **नग** | **रुपये** | **पैसे** |
| गेंद | 7 ₹ | 1 | 7 | 00 |
| पेंसिल | 2 ₹ | 3 | 6 | 00 |
| पेन | 5 ₹ | 2 | 10 | 00 |
| चॉकलेट | 2 ₹ | 5 | 10 | 00 |
| कॉपियाँ | 4 ₹ | 3 | 12 | 00 |
| | | **कुल राशि** | **45** | **00** |

64. एक गेंद व तीन पेंसिल का कुल मूल्य होगा?

(अ) 9 ₹ (ब) 13 ₹ (स) 7 ₹ (द) 14 ₹

65. दो पेन व पाँच चॉकलेट का मूल्य होगा?

(अ) 30 ₹ (ब) 20 ₹ (स) 10 ₹ (द) 15 ₹

66. 2 कॉपियों का मूल्य होगा–

(अ) 8 ₹ (ब) 10 ₹ (स) 12 ₹ (द) 4 ₹

67. 3 कॉपियों व 1 पेन का मूल्य होगा–

(अ) 12 ₹ (ब) 15 ₹ (स) 17 ₹ (द) 10 ₹

68. उपर्युक्त बिल की कुल राशि कितनी है?

(अ) 30 ₹ (ब) 40 ₹ (स) 50 ₹ (द) 45 ₹

69. मोनिका प्रतिदिन उसके जेब खर्च में से 2 ₹ 10 पैसे की बचत करती है तो बताओ 10 दिनो में वह कितने रूपये बचा लेगी?

(अ) 7 ₹ (ब) 21 ₹ (स) 22 ₹ (द) 15 ₹

70. गोपाल के पास 70 रूपये है वह 150 रूपये की एक शर्ट खरीदना चाहता है तो बताओ उसे और कितने रूपयों की आवश्यकता होगी–

(अ 220 ₹ (ब) 30 ₹ (स) 120 ₹ (द) 80 ₹

71. 50 ₹ + 10 ₹ + 50 ₹ का कुल योग कितना होगा?

(अ) 220 ₹ (ब) 100 ₹ (स) 110 ₹ (द) 200 ₹

72. 5 ₹ में आप कौन–सी दो वस्तुएँ खरीद सकते हैं?

| वस्तुएँ | मूल्य |
|---|---|
| बॉल पैन | 3 ₹ |
| पेंसिल | 5 ₹ |
| स्केल | 2 ₹ |
| कॉपी | 10 ₹ |

(अ) स्केल, कॉपी (ब) बॉलपेन, पेंसिल (स) बॉलपेन, स्केल (द) कॉपी, बॉल पेन

73. चित्र में किनारों की संख्या है–



(अ) 4 (ब) 6

(स) 5 (द) 7

74. चित्र में कोनों की संख्या बताइए–



(अ) 1 (ब) 0 (स) 2 (द) 3

75. खाली गोले में आने वाली संख्या बताइए–




(अ) 55 (ब) 75 (स) 70 (द) 60

76. खाली स्थान की संख्याएँ होगी–

100, 80, .... ..... 20, 0

(अ) 30, 50 (ब) 60, 40 (स) 50, 70 (द) 70, 50

77. निम्न चित्र पैटर्न का अगला क्रम होगा ।



(अ)  (ब)  (स)  (द) 

78. सही पैटर्न को पहचानो।



(अ)  (ब)  (स)  (द) 

79. पैटर्न पूरा करो–



(अ)  (ब)  (स)  (द) 

80. निम्न में से कौनसे माह में 30 दिन होंगे।

(अ) मार्च (ब) अप्रैल (स) फरवरी (द) दिसंबर

81. निम्न में से कौनसे माह में 31 दिन होंगे।

(अ) फरवरी (ब) दिसंबर (स) नवंबर (द) जून

82. वर्ष का पाँचवा माह कौनसा है?

(अ) मई (ब) जून (स) अगस्त (द) दिसंबर

83. गणतंत्र दिवस कौनसे महीने में आता है?

(अ) फरवरी (ब) मार्च (स) जनवरी (द) दिसंबर

84. वर्ष के प्रथम महीने का नाम है?

(अ) फरवरी (ब) जनवरी (स) जून (द) अगस्त

85. वर्ष के अंतिम महीने का नाम है?

(अ) दिसंबर (ब) फरवरी (स) मार्च (द) जून

86. गांधी जयंती कौनसे महीने में आती है?

(अ) जनवरी (ब) मार्च (स) नवंबर (द) अक्टूबर

**(87–88) कैलेंडर की सहायता से दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये–**

**कैलेंडर माह– नवंबर 2018**

| सोम | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि | रवि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | | |

87. 5 तारीख को कौनसा वार है?

(अ) मंगलवार (ब) शुक्रवार (स) सोमवार (द) रविवार

88. ऊपर दिया गया कैलेंडर कौनसे माह का है–

(अ) जनवरी (ब) नवंबर (स) दिसंबर (द) फरवरी

89. दिये गये पात्रों में भरे हुए कंचो की कुल संख्या कितनी होगी?



(अ) 12 (ब) 20 (स) 16 (द) 28

90. दिए गए स्केल से एक बार नापी गई अधिकतम लंबाई है–




(अ) 1 मीटर (ब) 6 इंच (स) 6 मीटर (द) 16 से.मी.

91. चार्ट को देखकर बताइये कि विद्यालय में सबसे कम फल किस दिन वितरित हुए–

| वार | फल |
|---|---|
| सोम | ||||| |
| मंगल | ||||||| |
| बुध | ||| |
| गुरु | ||||||||| |
| शुक्र | |||||||||||| |
| शनि | |||| |

(अ) सोमवार (ब) शनिवार (स) शुक्रवार (द) बुधवार

92. एक बार में अधिकतम वजन तौला जा सकता है।




(अ) 13 Kg (ब) 8 Kg (स) 10 Kg (द) 15 Kg

93. समिति के आधार पर दिये गए चित्र का दूसरा भाग क्या होगा ?



(अ)  (ब)  (स)  (द) 

94. दिये गए चित्र में कुल कितने तिकोने हैं–



(अ) 6 (ब) 7 (स) 8 (द) 9

95. वर्णमाला के किस अंग्रेजी अक्षर में सममिति नहीं है–

(अ) *A* (ब) *P* (स) *o* (द) *M*

**(96 से 100 तक) अभिनंदन के सकुशल भारत लौटने पर दोस्तों ने घरों में दीप जलाए। जिन्हें चित्रालेख में दिखाया गया है। चित्रालेख (पिक्टोग्राफ) को देखकर निम्न प्रश्नों का जवाब दीजिये–**

|  **= 10 दीप** | |
|---|---|
| **दोस्तों के नाम** | **दीपों की संख्या** |
| **सौरभ** |  |
| **मयंक** |  |
| **आकाश** |  |
| **शीना** |  |
| **सुरभि** |  |

96. 30 से ज्यादा दीप किस–किस के घर में हैं?

(अ) सौरभ, शीना (ब) आकाश, शीना (स) आकाश, सुरभि (द) सुरभि, मयंक

97. सौरभ के घर लगे दीपों की संख्या है?

(अ) 10 (ब) 20 (स) 40 (द) 30

98. सबसे ज्यादा दीप किसने जलाए हैं।

(अ) आकाश (ब) सौरभ (स) शीना (द) सुरभि

99. सबसे कम दीप किसने जलाए हैं।

(अ) मयंक (ब) शीना (स) सुरभि (द) सौरभ

100. कुल जलाए दीपों की संख्या हैं।

(अ) 170 (ब) 200 (स) 150 (द) 180

101. 10 इकाई = ............ दहाई

(अ) 2 (ब) 0 (स) 1 (द) 3

102. 10 दहाई में कितनी इकाइयाँ होती हैं ?

(अ) 50 (ब) 100 (स) 150 (द) 1000

103. एक बाग मे 20 पेड़ अमरूद के और 15 पेड़ अनार के है बताइए बाग में कुल कितने पेड़ है?

(अ) 45 (ब) 25 (स) 35 (द) 55

104. एक क्रिकेट मैच मे रामू ने 24 रन और कालु ने 63 रन बनाए तो बताइये, दोनों ने कुल कितने रन बनाए?

(अ) 47 (ब) 77 (स) 68 (द) 87

105. एक चरवाहे के पास 15 ऊँट, 10 गधे व 14 बकरियाँ है तो बताइए उसके पास कुल कितने पशु है–

(अ) 39 (ब) 29 (स) 49 (द) 59

106. भूरी के पास 98 आम थे। उसमें से उसने 65 आम बाँट दिए बताइए, अब उसके पास कितने आम बचे?

(अ) 43 (ब) 33 (स) 23 (द) 13

107. एक बस में 25 यात्री बैठे थे। इनमें से 17 यात्री उतर गए। बताइए अब बस में कितने यात्री रहे?

(अ) 28 (ब) 18 (स) 8 (द) 10

108. 802 में सैकड़े का अंक है?

(अ) 2 (ब) 8 (स) 0 (द) 4

109. 37 और 12 का योग होगा?

(अ) 69 (ब) 12 (स) 49 (द) 37

110. क्रिकेट मैच में सचिन ने 85 रन बनाए शतक (100 रन) पूरा करने के लिए सचिन को कितने रन और चाहिए?

(अ) 15 (ब) 25 (स) 35 (द) 05

111. 

= 1 किग्रा (1000ग्राम) तौलने के लिए कौनसा बाट और मिलाना होगा।

(अ) 50 ग्राम (ब) 100 ग्राम (स) 150 ग्राम (द) 500 ग्राम

112. 5 का एकाधिकेन होगा ?

(अ) 7 (ब) 4 (स) 6 (द) 8

113. 18 का एक न्यूनेन होगा ?

(अ) 17 (ब) 16 (स) 19 (द) 15

114. 8 का एकाधिकेन दर्शाया जायेगा ?

(अ) ·8 (ब) 8· (स) $\underset{\cdot}{8}$ (द) $\dot{8}$

115. 9 का एक न्यूनेन दर्शाया जायेगा –

(अ) 9· (ब) $\underset{\cdot}{9}$ (स) $\dot{9}$ (द) ·9

116. रुमाल में कितने कोने होते हैं–

(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 1

117. दिये गये पात्रों को उनकी धारिता के बढ़ते क्रम में जमाने पर उनका क्रम होगा–






लोटा बाल्टी कटोरी ड्रम

(अ) कटोरी, बाल्टी, ड्रम, लोटा (ब) कटोरी, लोटा, ड्रम, बाल्टी

(स) कटोरी, लोटा, बाल्टी, ड्रम (द) कटोरी, ड्रम, बाल्टी, लोटा

118. दिये गये पात्रों को उनकी धारिता के घटते क्रम में जमाने पर उनका क्रम होगा–





ड्रम कप बाल्टी

(अ) बाल्टी, कप, ड्रम (ब) ड्रम, बाल्टी, कप

(स) कप, बाल्टी, ड्रम (द) ड्रम, कप, बाल्टी

119. 1 गुलदस्ते में 3 फूल हो, तो 24 फूलों से कितने गुलदस्ते बनाए जा सकेंगे?

(अ) 12 (ब) 8 (स) 10 (द) 18

120. 36 गिलासों को कितने ट्रे में रखा जाएगा? जबकि एक ट्रे में 6 गिलास रखी जा सकती हैं–

(अ) 4 (ब) 7 (स) 6 (द) 2

121. एक माला में 22 फूल है तो ऐसी 3 मालाओं में कितने फूल होगे।

(अ) 55 (ब) 66 (स) 33 (द) 56

## (122–125) तालिका को देखकर प्रश्नों के जवाब दीजिए–

| जानवरों के नाम | गणना चिन्ह | संख्या |
|---|---|---|
| शेर | ✓✓ | 2 |
| चीता | ✓ | 1 |
| भालू | ✓✓✓✓ | 4 |
| बन्दर | ✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓ | 13 |
| हिरण | ✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓✓ | 14 |

122. सबसे कम संख्या में कौनसा जानवर है ?

(अ) शेर (ब) चीता (स) भालू (द) बंदर

123. सबसे अधिक संख्या में कौनसा जानवर है?

(अ) शेर (ब) बंदर (स) हिरण (द) भालू

124. बंदर एवं भालू की संख्या का योग कितना है

(अ) 17 (ब) 15 (स) 27 (द) 37

125. हिरण की संख्या, बंदर की संख्या से कितनी अधिक है?

(अ) 3 (ब) 2 (स) 0 (द) 1

126. शीना शाम 6 बजे पढ़ने बैठती है तो पढ़ने बैठने के समय को कौनसी घड़ी दिखा रही हैं–

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

127. कुल वजन बताइए 2 कि.ग्रा. + 5 कि.ग्रा. + 500 ग्राम

(अ) $2\frac{1}{2}$ कि.ग्रा. (ब) 7 कि.ग्रा. (स) $5\frac{1}{2}$ कि.ग्रा. (द) $7\frac{1}{2}$ कि.ग्रा.

128. निम्न में कौनसा वजन सबसे भारी है?

(अ) 5 g (ब) 50 g (स) 500 g (द) 5 Kg

129. एक पैकेट में 9 कि.ग्रा. की वस्तु है तो उसे तोलने के लिए आप निम्न में से किस बाट के समूह का उपयोग करेंगे–

(अ) 2 कि.ग्रा. + 2 कि.ग्रा. + 500 ग्रा. (ब) 5 कि.ग्रा. + 2 कि.ग्रा. + 100 ग्रा.

(स) 2 कि.ग्रा. + 2 कि.ग्रा. + 5 कि.ग्रा. (द) 200 ग्रा. + 500 ग्रा. + 5 कि.ग्रा.

130. संख्या 14 में 4 का एकाधिकेन होगा ?

(अ) 34 (ब) 16 (स) 15 (द) 13

131. 15 में 5 का एक न्यूनेन को दर्शाया जाएगा–

(अ) $\dot{1}4$ (ब) $1\underset{\cdot}{5}$ (स) $1\underset{\cdot}{5}$ (द) $1\underset{\cdot}{4}$

132. दी गई ट्रे की सतह का क्षेत्रफल ................ मिठाई के टुकड़े होंगे–(यदि 1 टुकड़े का क्षेत्रफल = 1 इकाई)



(अ) 35 (ब) 30 (स) 28 (द) 32

133. जतीन राशन की दुकान से 5 किलोग्राम शक्कर लेकर अपने घर गया किन्तु शक्कर का थैला फटा होने के कारण घर पर पहुँचते–पहुँचते शक्कर 2 कि.ग्रा. कम हो गई, तो बताइए कि अब थैले में कितनी शक्कर शेष बची है?

(अ) 7 कि.ग्रा. (ब) 2 कि.ग्रा. (स) 5 कि.ग्रा. (द) 3 कि.ग्रा.

134. रमा के पास 25 कंचे हैं उसने 5 जतिन को, 8 राधा को दे दिए और 2 कंचे रमा को रेखा ने दिए अब रमा के पास कुल कितने कंचे हैं–

(अ) 12 (ब) 14 (स) 10 (द) 19

135. दिये गये पेटर्न में कौनसी संख्या आएगी?

4, ........., 12, 16, ........, ........., .........

(अ) 6, 18, 24, 26 (ब) 8, 20, 24, 28 (स) 8, 20, 25, 29 (द) 8, 20, 24, 30

136. एक चौथाई को ................भी कहते हैं ?

(अ) आधा (ब) पौन (स) पाव (द) सवा

137. निम्न समूह में से दूरी मापन की मानक इकाइयों का समूह है–

(अ) किलोमीटर, अंगुल, कदम (ब) किलोग्राम, ग्राम, लीटर

(स) कदम, अंगुल, बालिशत (द) सेंटीमीटर, मीटर, किलोमीटर

138. निम्न में से सबसे हल्की वस्तु होगी?

कागज की प्लेट, स्टील की प्लेट, लकडी का संदूक, लोहे का संदूक

(अ) लकडी का संदूक (ब) स्टील की प्लेट

(स) कागज की प्लेट (द) लोहे का संदूक

139. निम्न में से वजन की सबसे छोटी इकाई है?

(अ) किलोग्राम (ब) हैक्टोग्राम (स) डेकाग्राम (द) ग्राम

140. किस रास्ते से जाए कि खरगोश को गाजर तक पहुँचने मे कम से कम समय लगे ?

खरगोश




गाजर

(अ) अ (ब) स

(स) ब (द) द

141. कौन सी आकृति सममित नहीं है ?

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

## (142–144) सारणी देख कर उत्तर दें–

| पक्षियों के नाम | गणना चिन्ह | संख्या |
|---|---|---|
| तोता |  | 12 |
| मैना |  | 8 |
| गौरैया |  | 11 |
| कोयल |  | 5 |
| कबूतर |  | 8 |
| मोर |  | 4 |

142. सबसे कम संख्या में कौनसा पक्षी है–

(अ) तोता (ब) कोयल (स) कबूतर (द) मोर

143. कौनसे दो पक्षी संख्या में समान है?

(अ) तोता, गौरैया (ब) मैना, कोयल (स) मैना, मोर (द) मैना, कबूतर

144. तोता और मैना की संख्या का योग किस पक्षी की संख्या के बराबर है?

(अ) कबूतर, गौरैया, मैना (ब) गौरैया, कोयल, मोर

(स) कोयल, कबूतर, मैना (द) तोता, मोर, गौरैया

145. किताब के कवर के अग्रभाग की आकृति में कितनी भुजाएँ है?

(अ) 5 (ब) 3 (स) 4 (द) 6

146. किसी भी संख्या को 0 से गुणा करने पर प्राप्त होता है?

(अ) वही संख्या (ब) 1 (स) 0 (द) इनमें से कोई नहीं

147. वर्ष के किस माह में सबसे कम दिन होते है?

(अ) जनवरी (ब) मार्च (स) नवम्बर (द) फरवरी

148. एक वर्ष में कितने महीनों में 31 दिन होते है?

(अ) 5 (ब) 7 (स) 4 (द) 6

149. एक पैन का मूल्य 5 ₹ है तो ऐसे 3 पैनों का मूल्य कितना होगा?

(अ) 5 ₹ (ब) 20 ₹ (स) 8 ₹ (द) 15 ₹

150. एक 100 ₹ के नोट के बदले 10 ₹ के कितने नोट प्राप्त होंगे?

(अ) 100 नोट (ब) 20 नोट (स) 10 नोट (द) 5 नोट

151. 5 जुलाई को मंगलवार है तो अगला मंगलवार कौनसी दिनांक को आएगा।

(अ) 11 जुलाई (ब) 12 जुलाई (स) 13 जुलाई (द) 14 जुलाई

152. सप्ताह में कुल कितने दिन होते हैं ?

(अ) 5 (ब) 10 (स) 7 (द) 8

153. शुक्रवार के ठीक बाद कौनसा दिन आता है ?

(अ) सोमवार (ब) रविवार (स) गुरुवार (द) शनिवार

154. मंगलवार के ठीक पहले कौनसा दिन आता है।

(अ) सोमवार (ब) बुधवार (स) गुरुवार (द) रविवार

155. अगर आज शनिवार है तो परसों कौनसा दिन होगा ?

(अ) रविवार (ब) सोमवार (स) मंगलवार (द) शुक्रवार

156. सोमवार सप्ताह का पहला दिन है तो पाँचवां दिन कौनसा होगा ?

(अ) बुधवार (ब) शुक्रवार (स) शनिवार (द) गुरुवार

157. एक पखवाड़े में कितने दिन होते हैं?

(अ) 7 (ब) 10 (स) 15 (द) 30

158. दो सप्ताह में कितने दिन होते हैं ?

(अ) 7 (ब) 14 (स) 21 (द) 28

159. अंग्रेजी महीनों की शुरुआत कौनसे महीने से होती है ?

(अ) जनवरी (ब) जुलाई (स) मार्च (द) फरवरी

160. हिन्दी वर्ष का पहला महीना कौन सा है ?

(अ) माघ (ब) चैत्र (स) वैशाख (द) श्रावण

161. सितंबर के ठीक पहले कौनसा महीना आता है ?

(अ) अगस्त (ब) अक्टूबर (स) जुलाई (द) जनवरी

162. गर्म कपड़े कौनसे मौसम में पहनते हैं ?

(अ) गर्मी (ब) सर्दी (स) बरसात (द) इनमें से कोई

163. वर्ष का सातवाँ माह कौनसा है ?

(अ) अप्रेल (ब) मई (स) नवंबर (द) जुलाई

164. गणतंत्र दिवस कौनसे माह में आता है ?

(अ) अगस्त (ब) जनवरी (स) फरवरी (द) जुलाई

**(165 से 167 तक ) कैलेंडर की सहायता से निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

| रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

165. 13 तारीख को कौनसा वार है ?

(अ) सोमवार (ब) मंगलवार (स) बुधवार (द) गुरुवार

166. इस महीने में शनिवार कितने हैं ?

(अ) 1 (ब) 2 (स) 4 (द) 5

167. 15 तारीख को शुक्रवार है तो अगला शुक्रवार कौनसी तारीख को आएगा ?

(अ) 22 (ब) 21 (स) 23 (द) 29

168. यदि पेन के 5 पैकेट में 50 पेन है, तो ऐसे तीन पैकेट में पेनों की संख्या होगी–

(अ) 10 (ब) 30 (स) 58 (द) 250

169. 10 रुपये के खुल्ले करने पर कौनसा जोड़ा लागू नहीं होगा–

(अ) 

(ब) 

(स) 

(द) 

170. रिक्त वर्ग में संख्या होगी –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **16** | **12** | | **4** | **0** |

(अ) 11 (ब) 10 (स) 8 (द) 18

| उत्तरमाला (गणित) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (ब) | 2 (स) | 3 (ब) | 4 (स) | 5 (ब) |
| 6 (स) | 7 (ब) | 8 (अ) | 9 (ब) | 10 (ब) |
| 11 (ब) | 12 (द) | 13 (स) | 14 (ब) | 15 (ब) |
| 16 (स) | 17 (स) | 18 (द) | 19 (स) | 20 (द) |
| 21 (द) | 22 (स) | 23 (ब) | 24 (स) | 25 (द) |
| 26 (द) | 27 (ब) | 28 (द) | 29 (द) | 30 (अ) |
| 31 (ब) | 32 (स) | 33 (ब) | 34 (द) | 35 (ब) |
| 36 (स) | 37 (ब) | 38 (स) | 39 (अ) | 40 (द) |
| 41 (स) | 42 (स) | 43 (स) | 44 (ब) | 45 (ब) |
| 46 (ब) | 47 (द) | 48 (स) | 49 (ब) | 50 (द) |
| 51 (द) | 52 (द) | 53 (द) | 54 (ब) | 55 (ब) |
| 56 (द) | 57 (ब) | 58 (द) | 59 (स) | 60 (स) |
| 61 (स) | 62 (अ) | 63 (स) | 64 (ब) | 65 (ब) |
| 66 (अ) | 67 (स) | 68 (द) | 69 (ब) | 70 (द) |
| 71 (स) | 72 (स) | 73 (अ) | 74 (ब) | 75 (द) |
| 76 (ब) | 77 (ब) | 78 (द) | 79 (स) | 80 (ब) |
| 81 (ब) | 82 (अ) | 83 (स) | 84 (ब) | 85 (अ) |
| 86 (द) | 87 (स) | 88 (ब) | 89 (द) | 90 (ब) |
| 91 (द) | 92 (अ) | 93 (द) | 94 (स) | 95 (ब) |
| 96 (स) | 97 (द) | 98 (अ) | 99 (ब) | 100 (स) |
| 101 (स) | 102 (ब) | 103 (स) | 104 (द) | 105 (अ) |
| 106 (ब) | 107 (स) | 108 (ब) | 109 (स) | 110 (अ) |
| 111 (ब) | 112 (स) | 113 (अ) | 114 (द) | 115 (ब) |
| 116 (स) | 117 (स) | 118 (ब) | 119 (ब) | 120 (स) |
| 121 (ब) | 122 (ब) | 123 (स) | 124 (अ) | 125 (द) |
| 126 (द) | 127 (द) | 128 (द) | 129 (स) | 130 (स) |
| 131 (ब) | 132 (स) | 133 (द) | 134 (ब) | 135 (ब) |
| 136 (स) | 137 (द) | 138 (स) | 139 (द) | 140 (स) |
| 141 (ब) | 142 (द) | 143 (द) | 144 (ब) | 145 (स) |
| 146 (स) | 147 (द) | 148 (ब) | 149 (द) | 150 (स) |
| 151 (ब) | 152 (स) | 153 (द) | 154 (अ) | 155 (अ) |
| 156 (ब) | 157 (स) | 158 (ब) | 159 (अ) | 160 (ब) |
| 161 (अ) | 162 (ब) | 163 (द) | 164 (ब) | 165 (स) |
| 166 (द) | 167 (अ) | 168 (द) | 169 (द) | 170 (स) |

# NAS 2017 कक्षा– 3 (गणित)

1 आपका विद्यालय 8 बजे शुरू होता है। नीचे दी गई घड़ियों में से कौन–सी घड़ी यह समय दिखाती है?

(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

2 नीचे दिए गए तरीकों में से कौन–सा तरीका चुनोगे कि यह आकार मिले?



(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

3 इस चित्र में गमले के साथ दिए गए फूलों को देखो। निम्न में से कौन–सी गणना फूलों की कुल संख्या देगी।



(क) 6 + 3 (ख) 6 × 3 (ग) 6 × 6 (घ) 6 ÷ 3

4 किस घर की संख्या तीन सौ छियानवे है?

(क) 


(ख) 


(ग) 


(घ) 

5 नीचे दिए गए चार्ट में प्रत्येक दिन पुस्तकालय गए हुए लोगों की संख्या को दर्शाया गया है।




किस दिन सबसे अधिक लोग पुस्तकालय में गए थे?

(क) सोमवार (ख) शुक्रवार (ग) बृहस्पतिवार (घ) मंगलवार

6 यदि मैं 20 टॉफियाँ 4 डिब्बों में बराबर बाँटता हूँ –तो प्रत्येक डिब्बे में कितनी टॉफियाँ होंगी?



(क) 4 (ख) 5 (ग) 16 (घ) 20

7 निम्न में से कौन–सी संख्याएँ बढ़ते हुए क्रम में लिखी गई हैं?

(क) 95, 97, 90 (ख) 51, 50, 56 (ग) 65, 67, 69 (घ) 41, 48, 43

8 मेरे पास ₹ 671 हैं। मैंने ₹ 258 का एक खिलौना खरीदा।




मेरे पास कितने रुपये बचे?

(क) ₹ 929 (ख) ₹ 427 (ग) ₹ 413 (घ) ₹ 258

9 संख्या 107 को निम्न में से किस रूप में लिखा जा सकता है?

(क) $10 + 7$ (ख) $100 + 7$ (ग) $1 + 0 + 7$ (घ) $1 + 07$

10 नीचे दी गई आकृति में दिए गए छोटे खानों की कुल संख्या क्या होगी?




(क) 213 (ख) 200103 (ग) 10010010111 (घ) 20013

11 मैंने नीचे दिए गए मूल्य से फल खरीदे।




मैंने कुल कितनी राशि खर्च की?

(क) ₹ 1330 (ख) ₹ 751 (ग) ₹ 169 (घ) ₹ 160

12 नीचे दिए गए फर्श को बनाने के लिए किस टाइल का प्रयोग किया गया है?



(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

13 कुल 12 सेब हैं जिसमें से 3 सेब को खाया गया और उसमें से 9 सेब बचे। निम्न में से कौन–सा कथन इसे दर्शाता है?

(क) $12 + 9 = 21$ (ख) $15 - 3 = 12$ (ग) $12 - 3 = 9$ (घ) $12 - 9 = 3$

14 निम्न में से सबसे बड़ी संख्या कौन–सी है?

709, 813, 599, 52

(क) 599 (ख) 709 (ग) 813 (घ) 52

15 दिए गए चित्र में आपको आइस्क्रीम की कुल संख्या कैसे प्राप्त होगी?



(क) $3 \times 5$ (ख) $4 \times 4$ (ग) $2 \times 5$ (घ) $2 \times 4$

16 आपके पास ₹ 3 हैं। आप इससे नीचे दी गई कौन–सी दो चीजें खरीद सकते हैं?

| | |
|---|---|
| पेपर क्लिप्स | ₹ 4 |
| कलम | ₹ 2 |
| पैंसिल | ₹ 1 |
| काले रंग का मार्कर | ₹ 3 |

(क) पेपर क्लिप्स तथा कलम (ख) कलम तथा पैंसिल

(ग) पैंसिल तथा काले रंग का मार्कर (घ) पेपर क्लिप्स तथा पैंसिल

17 दिए गए चित्र के अनुसार निम्न में से कौन–सा क्रम गिलास में पानी की बढ़ती हुई मात्रा को दर्शाता है।




(क) 4, 3, 6, 5, 1, 2 (ख) 1, 2, 3, 4, 5, 6

(ग) 3, 2, 1, 6, 5, 4 (घ) 6, 5, 4, 3, 2, 1

18.




ऊपर दिए गए चित्र में डायरी और बस्ते का कुल मूल्य क्या होगा?

(क) ₹ 250 (ख) ₹ 321 (ग) ₹ 570 (घ) ₹ 571

19.



एक ट्रे में 15 लड्डू 5 लड्डू प्रत्येक डिब्बे में

अगर एक डिब्बे में 5 लड्डू भरे जा सकते हो तो बताओ कि ट्रे के सभी लड्डूओं को भरने के लिए कितने डिब्बों की जरूरत होगी?

(क)  (ख) 

(ग) 

(घ) 

20 नीचे दिये गये चित्र में कुल कितने वृत्त हैं?



(क) 4 (ख) 2 (ग) 8 (घ) 3

21.




ऊपर दी गई टंकियों को देखो और बताओ कुल कितना पानी बाहर बह गया?

(क) 975 लीटर (ख) 500 लीटर (ग) 425 लीटर (घ) 275 लीटर

22 नीचे दी गई पंक्ति में, अगली आकृति कौन–सी होगी?




(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

23 नीचे दिए गए चित्र में, कौन–सी वस्तु 3 सेमी. लम्बी है?




**(क)** 


**(ख)** 


**(ग)** 

**(घ)** 


**24.** अगला क्रम क्या होगा?

12, 16, 20, 24, ________, ________.

(क) 12, 16

(ख) 25, 26

(ग) 28, 32

(घ) 32, 40

**25.** 1 पेंसिल  का मूल्य है = ₹ 5

ऐसी 4 पेंसिलों  का मूल्य होगा = ₹ ...........................

(क) ₹ 9

(ख) ₹ 20

(ग) ₹ 54

(घ) ₹ 5

# NAS प्रश्न बैंक

## कक्षा–3

## विषय – पर्यावरण अध्ययन

# पर्यावरण अध्ययन

1. सर्दी के मौसम में खेतों में पीले फूल किस पौधे के दिखाई देते हैं ?

   (क) बैंगन (ख) सरसों (ग) गुलाब (घ) कनेर

2. गीता छुट्टियों में अपने नाना के घर जाती है। उसे वहाँ एक बड़े पेड़ की जड़ो को पकड़कर झूलना बहुत पसंद है। वह पेड़ कौनसा है ?

   (क) आम का (ख) बरगद का (ग) केले का (घ) अमरूद का

3. निम्न में से कौन सा पौधा पेड़ नहीं बनेगा ?

   (क) तुलसी का (ख) नीम का (ग) पपीते का (घ) अनार का

4. प्रीति शरबत बना रही है। शरबत में स्वाद और खुश्बू के लिए उसे किसकी पत्तियों का उपयोग करना चाहिए ?

   (क) पुदीने की (ख) नीम की (ग) गेहूँ की (घ) करेले की

5. दीपक को एक फल खाना है। उसकी पत्ती नीचे दिये गये चित्र जैसी है। बताओ दीपक को क्या खाना है ?



   (क) आम खाना है। (ख) इमली खानी है। (ग) अमरूद खाना है। (घ) केला खाना है।

6. निम्न में से कौन सी वस्तु पेड़–पौधों से प्राप्त वस्तुओं से नहीं बनी है

   (क) दरवाजे (ख) कुर्सी (ग) सब्जी (घ) चॉक

7. किस मौसम में पत्तियाँ पीली होकर गिर जाती है ?

   (क) सर्दी में। (ख) गर्मी में। (ग) पतझड़ में। (घ) वर्षा में ।

8. निम्न में से किस पादप का तना मोटा, लम्बा व मजबूत होता है ?

   (क) आम (ख) तुलसी (ग) धनिया (घ) बैंगन

9. निम्न में से आकार के आधार पर सबसे छोटा जंतु कौनसा है ?

   (क) हाथी (ख) चीता (ग) हिरण (घ) खरगोश

10. निम्न में से कौन रेंगने वाला जंतु नहीं है?

    (क) मेढ़क (ख) छिपकली (ग) छछुंदर (घ) अजगर

11. अमन ने गाँव की पहाड़ी को हरा–भरा करने के लिए वहाँ कई पौधे लगाए। बताओ निम्न में से उन पौधों को कौन खा गया ?

    (क) शेर (ख) बिल्ली (ग) सियार (घ) बकरी

12. पानी में पाया जाने वाला जीव है–

    (क) गाय (ख) कुत्ता (ग) मछली (घ) खरगोश

13. निम्न में से जल व स्थल दोनों में रहने वाले जीवों का समूह कौन सा है ?

(क) मेंढक, चूहा व सांप (ख) सांप, चींटी व छिपकली

(ग) सांप, मेंढक व मगरमच्छ (घ) मेंढक, मगरमच्छ व कुत्ता

14. आपको किस पक्षी की आवाज सुरीली लगती है–

(क) कोयल (ख) कौआ (ग) उल्लू (घ) टिटहरी

15. जल में पाया जाने वाला पादप है–

(क) मेथी (ख) तुलसी (ग) जलकुम्भी (घ) पत्थरचट्टा

16. गीता गर्मी की छुट्टियों में अपने नाना के यहाँ आई है। वहाँ उसकी माँ की छोटी बहन भी रहती है। गीता उसे क्या कहेगी ?

(क) दादी (ख) मासी (ग) मामी (घ) भुआ

17. अलका के घर मे दादा दादी, चाचा–चाची, मम्मी–पापा व भाई–बहन सब साथ रहते है। अलका का परिवार है–

(क) संयुक्त परिवार (ख) एकल परिवार

(ग) दोनों (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

18. मीरा के घर के सामने एक परिवार आया है, जो सड़क किनारे गाड़ी में रहता है व लोहे का काम करता है, वह परिवार है–

(क) गाडिया लोहार (ख) कालबेलिया (ग) बंजारा (घ) रंगास्वामी

19. आप को आलू की सब्जी बनानी है, आप किस बर्तन में बनाएंगे ?

(क) परात में (ख) कटोरी में (ग) कढ़ाई में (घ) थाली में

20. अजीत हर माह कोयला खरीदता है। बताओ व खाना पकाने के लिए निम्न में से किसका उपयोग करता होगा?

(क) गैस के चुल्हे का (ख) सिगड़ी का (ग) ओवन का (घ) सौर कुकर का

21. मोहन का घर अपने मामा के घर से 5 कि.मी. पर है। वह किस साधन से मामा के यहाँ जायेगा?

(क) पानी के जहाज से (ख) हवाई जहाज से (ग) बस से (घ) रॉकेट से

22. सोलर कुकर में ईंधन है–

(क) गैस (ख) विद्युत (ग) सूर्य ऊर्जा (घ) कोयला

23. तलकर बनायी जाने वाली भोजन सामग्री है–

(क) रोटी (ख) दाल (ग) समोसा (घ) खिचड़ी

24. मोटापा कम करने के लिए निर्मला को डॉक्टर ने कच्ची खाई जाने वाली भोज्य सामग्री खाने को कहा। बताओ आप उसे खाने में क्या परोसोगे ?

(क) गाजर ककड़ी का सलाद (ख) सब्जी

(ग) खीर पूड़ी (घ) चावल

25. पानी को साफ कर मोटर पंप से ऊँची टंकियों में चढ़ाया जाता है। यहाँ से पाइपों द्वारा घरों तक भेजा जाता है। बताओ पानी की टंकियों को ऊँचा बनाने का मुख्य कारण क्या है ?

(क) ताकि कोई टंकी को तोड़ न सके।

(ख) ताकि पानी तेज बहाव से ऊँचे घरों तक भी भेजा जा सके।

(ग) ताकि टंकी में बरसात का पानी ज्यादा इकट्ठा हो सके।

(घ) ताकि कोई टंकी में नहा न सके।

26. प्रार्थना सभा में अगर आपको खाना खाने की अच्छी आदतों के बारे में बताने को कहा जाए तो निम्न में से कौन सी बात अच्छी आदत नहीं है, आप ऐसा बताएगें।

(क) खाने से पहले हाथ धोना। (ख) भोजन को चबा–चबा कर खाना।

(ग) थाली में झूठा छोड़ना। (घ) खाने के बाद कुल्ला करना।

27. पानी के बारे में कौन सा वाक्य गलत है ?

(क) आजकल नदी तालाब का पानी सीधा पीने के योग्य होता है।

(ख) आजकल पीने के पानी की कमी होती जा रही है।

(ग) बरसात का कुछ पानी नदी तालाबों से भाप बन कर उड़ जाता है।

(घ) बरसात का कुछ पानी धरती में समा जाता है।

28. हमें प्रतिदिन खूब सारा पानी पानी चाहिए। निम्न में से कौन सा कारण सही नहीं है –

(क) भोजन को पचाने के लिए आवश्यक है।

(ख) शरीर को सीधा खड़ा रखने में सहायक है।

(ग) शरीर में से उत्सर्जित पदार्थ निकालने में मदद करता है।

(घ) शरीर के तापमान को नियंत्रित करता है।

29. पानी लेते समय डंडीदार लोठे का उपयोग क्यों करना चाहिए ?

(क) ताकि हाथ की गंदगी मटके में न जाये।

(ख) ताकि हवा के जीवाणु पानी मे प्रवेश न करें।

(ग) ताकि सब मटके को न छू सके।

(घ) ताकि मटका टूटे नहीं।

30. रजत के सामने चार तरह का पानी था सबसे शुद्ध पानी कौन सा है, जिसे वह पिएगा ?

(क)  नदी का (ख)  नल का

(ग)  छाना हुआ (घ)  उबला हुआ

31. सालभर पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो उसके लिए गाँव के लोगों को क्या करना चाहिए–

(क) नदी नालों के पास के वृक्षों की कटाई कर देनी चाहिए।

(ख) नदी नालों की भूमि में खेती पर रोक लगानी चाहिए।

(ग) बरसात के पानी को व्यर्थ बहने से रोकना चाहिए।

(घ) नदी नालों में कचरा नहीं डालना चाहिए।

32. नीचे दिए गए चित्र में स्त्री/महिला हैंडपम्प से मटकी भर रही है। बताओ हैंडपम्प में पानी कहाँ से आएगा?



(क) टंकी से (ख) जमीन से (ग) तालाब से (घ) नदी से

33. पेड़–पौधे पानी का अवशोषण किसके द्वारा करते हैं?

(क) जड़ों द्वारा (ख) तने द्वारा (ग) पत्तियों द्वारा (घ) फूलों द्वारा

34. निम्न में से ऊँट की विशेषता नहीं है –

(क) खाल मोटी होना व कुबड़ की उपस्थिति (ख) मूत्र गाढ़ा व मल शुष्क होना

(ग) पाँव के पंजों का गद्दीदार होना (घ) अंधेरे में भी दिखाई देना।

35. विद्यालय में खाना बनाने की प्रतियोगिता में सती ने आलू का उपयोग किया। बताओं उसने क्या बनाया होगा ?

(क) सब्जी (ख) रोटी (ग) केक (घ) ब्रेड

36. पशुओं से हमें प्राप्त नहीं होता है–

(क) दूध (ख) अंडे (ग) मांस (घ) खाल

37. तिलपट्टी बनी होती है–

(क) आटे व गुड़ से (ख) तिल व गुड़ से (ग) मावा व शक्कर से (घ) दूध व चावल से

38. मोहन के घर मेहमान आएँ हैं, मोहन की माँ खीर बनाना चाहती है। खीर बनाने हेतु वह मोहन के साथ बाजार से कौनसी सामग्री मँगवाएगी ?

(क) दूध, चावल, शक्कर (ख) दही, तेल, आटा

(ग) घी, गेहूँ, गुड़ (घ) आटा, चावल, गुड़

39. लौकी की सब्जी बनाते समय किसकी आवश्यकता नहीं होती है ?

(क) तेल (ख) जीरा (ग) लौकी (घ) चावल

40. निम्न में से हमें पेड़–पौधों से क्या नहीं मिलता?

(क) आलू (ख) अंडे (ग) प्याज (घ) मटर

41. निम्न में से किस वाहन में सबसे ज्यादा पहिये होते है ?

(क) ट्रक (ख) रेलगाड़ी (ग) कार (घ) बस

42. सामान्यतः किसी संयुक्त परिवार में परिवार का मुखिया होता है–

(क) बड़ा बेटा (ख) बड़ी बेटी

(ग) दादा जी/पिता जी (घ) माता जी/दादी जी

43. कविता का परिवार एकल परिवार है। बताओ निम्न में से उसका परिवार कौनसा है ?

(क) कविता, उसके माता–पिता, चाचा–चाची व बच्चे

(ख) कविता, उसकी माँ, भाई, नाना–नानी, दो मामा–मामी व बच्चे

(ग) कविता, उसकी माँ, पिता जी व भाई

(घ) कविता, उसके माता पिता, दो भाई–भाभी व उसके बच्चे

44. घरों में खाना बनाने का कार्य सामान्यतः कौन करता है ?

(क) माता (ख) भाई (ग) पिता (घ) बेटियाँ

45. निम्न में से संयुक्त परिवार का लाभ नहीं है–

(क) सुरक्षा मिलती है (ख) घरेलू कार्य में सहयोग मिलता है।

(ग) बुजुर्गों की देखभाल होती है। (घ) स्वयं पर सारी जिम्मेदारी होती है।

46. जब माता–पिता दोनों नौकरी करते हैं व अपने बच्चों को पर्याप्त समय नहीं देते तो बच्चों को किसका अभाव महसूस होता होगा ?

(क) धन का (ख) अपनेपन का (ग) कपड़ों का (घ) खिलौनों का

47. दादा जी चीनकी की गलतियों को कई बार माफ कर देते थे। क्यों ? –

(क) वह झूठ बोलती थी। (ख) वह अपनी गलती मान लेती व सुधारती थी।

(ग) वह झगड़ा करती थी। (घ) वह रोती थी।

48. निम्न में से कौन आप का अच्छा दोस्त होगा ?

(क) वह जो आपको स्कूल से छुपकर निकलने में मदद करता है।

(ख) वह जो दादागीरी करने में आप का साथ देता है।

(ग) वह जो अपको गृहकार्य करने में मदद करता है।

(घ) वह जो आपको परीक्षा में नकल करने में मदद करता है।

49. रेगिस्तान के रास्ते से होकर गुजरना है तो आप किस जानवर को साथ ले जाएंगे ?

(क) गाय (ख) ऊँट (ग) हाथी (घ) घोड़ा

50. नीचे दिया गया चित्र किसका घर है?



(क) तोते का (ख) बया (चिड़ियाँ) का (ग) कौआ का (घ) बाज का

51. नीचे दिए गए चित्र (मेढ़क) का आवास कहाँ है।



(क) पानी में (ख) जमीन पर (ग) पानी व जमीन (घ) पेड़ पर

52. नीचे दिया गया चित्र किसका आवास है–



(क) मधुमक्खी (ख) मछली (ग) मकड़ी (घ) चूहा

53. निम्न में से पालतू जंतु नहीं है–

(क) बकरी (ख) खरगोश (ग) गाय (घ) शेर

54. किस जीव को रात्रि में दिखाई देता है–

(क) कबूतर (ख) उल्लू (ग) मोर (घ) तोता

55. हमारे शरीर से खून पीता है–

(क) मधुमक्खी (ख) मच्छर (ग) तोता (घ) तितली

56. निम्न में से अस्पताल का संकेत है–

(क)  (ख) 

(ग)  (घ) 

57. दिव्या के घर के पीछे की दिशा में प्रतिदिन सूर्यास्त होता है तो बताइये दिव्या के घर का मुख्य द्वार किस दिशा में है–

(क) पूर्व (ख) पश्चिम (ग) उत्तर (घ) दक्षिण

58. चन्दन के घर पर बहुत सारी बकरियाँ पाली जाती हैं। उनसे होने वाले लाभ नहीं है–

(क) मांस मिलता है। (ख) घर की रखवाली होती है।

(ग) बेचने पर पैसा मिलता है। (घ) दूध मिलता है।

59. रामू की बहन की शादी है, उसे कपड़े सिलवाने है। उसके कपड़े कौन सिल देगा ?

(क) सुथार (ख) लुहार (ग) दर्जी (घ) ग्वाला

60. नीचे दिया गया चित्र किस व्यवसाय से संबंधित है–




(क) दर्जी (ख) लोहार (ग) कारीगर (घ) नाई

61. अजीत को एक पेंटिंग मिली जो करीब पाँच सौ साल पुरानी थी। इस पेंटिंग में एक गाँव का दृश्य है। बताओ इस पेंटिंग में क्या नहीं होगा ?

(क) कुए से रहट द्वारा निकलता पानी। (ख) फ्रॉक पहन कर खेलती लड़कियाँ।

(ग) मिट्‌टी के तवे पर रोटी बनाती महिला। (घ) ट्रेक्टर से खेती करता किसान।

62. खुदाई करने पर सात सौ साल पुराने एक नगर के अवशेष मिले। उनमें से उस समय के बर्तन भी मिले। बताओ निम्न में से कौन सा बर्तन उसमें से नहीं है।

(क) मिट्‌टी का कटोरा (ख) पत्थर का सिलबट्‌टा

(ग) स्टील का कुकर (घ) लकड़ी का चम्मच

63. आज मकर संक्राति है। कमली कपड़े की गेंद लाई है। सब बच्चे कौनसा खेल खेलेंगे ?

(क) कबड्‌डी (ख) मारदड़ी (ग) क्रिकेट (घ) हॉकी

64. मशीनों के विकास से पहले लोगों का प्रमुख व्यवसाय था–

(क) पशुपालन (ख) कल–कारखानों में कार्य

(ग) बिजली के कार्य (घ) कम्प्यूटर कार्य

65. निम्न में से कौनसी आकृति  बेलनाकार नहीं है ?

(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

66. फराह के बड़े दादा (दादा के पापा) अपने बचपन के किस्से सुना रहे थे। उन्होंने बताया की हर रविवार को वे हाट बाजार से सामान खरीद कर लाते थे। बताओ, निम्नलिखित वस्तुओं में से उस हाट बाजार में क्या नहीं मिलता होगा ?

(क) मोबाइल (ख) चूड़ियाँ (ग) लकड़ी का बक्सा (घ) सूती कपड़ा

67. खेतों में सिंचाई का सबसे पुराना तरीका है–

(क) रहट द्वारा (ख) पाइप लाइन द्वारा (ग) विद्युत मोटर द्वारा (घ) फव्वारों द्वारा

68. कपड़े रंगाई का कार्य कौन करता है–

(क) दर्जी (ख) सुथार (ग) लौहार (घ) रंगरेज

69. रेल की पटरी का चिह्न होगा–

(क)  (ख) 

(ग)  (घ) 

70. सड़क सुरक्षा संबंधित इन नियमों में कौन सा गलत है ?

(क) सडक पर दायीं ओर चले।

(ख) पैदल चलने पर फुटपाथ का उपयोग करें।

(ग) चौराहा पार करते समय जेब्रा लाईन का उपयोग करे।

(घ) सचेत होकर चले।

71. तुम्हें मुझ पर चलना चाहिए, जब तुम चौराहा पार करते हो, मै हूँ–

(क) फुटपाथ (ख) जेब्रा लाइन (ग) सफेद लाइन (घ) स्पीड ब्रेकर

72. बस में यात्रा करते समय क्या करना गलत होगा ?

(क) खिड़की से हाथ व सिर बाहर निकालना। (ख) ड्राइवर से बातचीत नहीं करना।

(ग) बस रुकने के बाद चढ़ना। (घ) सामान सीट के नीचे रखना।

73. निम्न में से संचार के साधन नहीं है–

(क) टेलिफोन (ख) माइक्रोवेव (ग) फैक्स (घ) मोबाइल

74. प्राचीन काल में संदेशों के आदान–प्रदान हेतु उपयोग में लिए जाते थे–

(क) कबूतर (हरकारे) (ख) टेलिफोन (ग) बेतार (घ) ताँबे के तार

75. आशा को बहुत प्यास लगी है उसे दूर से चार संकेत दिखाई दे रहे है, वो किसके पास जाएगी?

(क)  (ख)  (ग)  (घ) 

76. आपके पेंसिल बॉक्स का स्केल कितने बित्ते (बालिश्त) का है?

(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) चार

77. आप एक ग्लास दूध में कितनी शक्कर डालेंगे–

(क)  एक कटोरी

(ख)  एक चम्मच

(ग)  एक लोटा

(घ)  एक ग्लास

78. निम्न में से किस में शरबत की मात्रा अधिक होगी–

(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

79. एक बाल्टी पानी किसके बराबर होगा–

(क) 10 चम्मच पानी (ख) 10 कप पानी (ग) 10 जग पानी (घ) 10 कटोरी पानी

80. आपकी थाली की दाल में नमक कम है आप कितनी मात्रा में नमक डालेगे–

(क) चुटकी भर (ख) मुट्ठी भर (ग) चम्मच भर (घ) कटोरी भर के

81. आप मेला देखने गए हैं, आपने केला खाया। आपने केले के छिलके को कहाँ डाला?

(क) सड़क पर (ख) पानी में (ग) डस्टबीन में (घ) दुकान के पीछे

82. प्रीति को पक्षी विहार भ्रमण हेतु जाना है। पक्षियों को अच्छे से देखने के लिए निम्न में से कौनसा उपकरण काम आएगा ?

(क) दूरबीन (ख) मोबाईल (ग) कैमरा (घ) गुलेल

83. पूरा चन्द्रमा हमें कब दिखाई देता है–

(क) अमावस्या को (ख) पूर्णिमा को (ग) माह के अंत में (घ) माह के प्रारम्भ में

84. हम ऊनी कपड़े कौनसे मौसम में पहनते हैं–

(क) गर्मी में (ख) बरसात में (ग) पतझड़ में (घ) सर्दी में

85. भ्रमण पर जाते समय निम्न में से कौनसी वस्तु ले जाने से बचना चाहिए–

(क) टोपी (ख) चश्मा (ग) पानी की बोतल (घ) भारी बैग

86. सूर्य किस दिशा में उगता है–

(क) पूर्व (ख) पश्चिम (ग) उत्तर (घ) दक्षिण

87. चित्तौड़ दुर्ग पर लिखा है ''यह एक सांस्कृतिक धरोहर है'' इसका क्या अर्थ है?

(क) यह ऐतिहासिक महत्व का स्थान है। (ख) यह स्थान सुरक्षित नहीं है।

(ग) यह पुराना सांस्कृतिक स्थल है। (घ) इसके देखभाल की जिम्मेदारी सरकार की है।

88. पंचायत का प्रमुख क्या कहलाता है–

(क) सरपंच (ख) वार्ड पंच (ग) प्रधान (घ) कलेक्टर

89. निम्न में से पंचायत के प्रमुख का कार्य नहीं है–

(क) गाँव में स्वच्छता रखना (ख) नालियों का निर्माण करवाना

(ग) मरे हुए पशुओं को उठवाना (घ) पंचायत के चुनाव करवाना

90. गाँव में गंदगी व मच्छर फैल रहे हैं। सफाई व्यवस्था सही करवाने हेतु आप किसको प्रार्थना पत्र लिखेंगे।

(क) प्रधानाध्यापक (ख) सरपंच (ग) डॉक्टर (घ) आंगनवाड़ी

91. निम्न वस्तुओं में से किसकी आकृति  (त्रिकोण) जैसी है–

(क)  (ख) 

(ग) 


(घ) 

92. एक पात्र में निम्न वस्तुएँ पड़ी हैं। चुम्बक ले जाने पर चुम्बक से कौनसी वस्तु चिपक जाएगी–

(क) रूमाल (ख) प्लास्टिक कर छल्ला

(ग) ऑलपिन (घ) पेंसिल के छिलके

93. आँख पर पट्टी बाँधकर आप किसको गंध द्वारा पहचान सकते हैं–

(क) नमक (ख) शक्कर (ग) हींग (घ) आटा

94. किसकी ध्वनि सबसे तीव्र है–

(क) साइकिल की घंटी (ख) स्कूटर का हॉर्न (ग) बस का हॉर्न (घ) ट्रेन का हॉर्न

95. नीबू का शरबत मिश्रण है–

(क) नीबू, घी व आटा (ख) नीबू, छाछ व गुड़

(ग) नीबू,पानी व शक्कर (घ) नीबू, आम व शक्कर

96. जंगल हेतु आप निम्न में से कौनसार नारा साईनबोर्ड पर लिखवाएँगे।

(क) पेड़ बचाओ, खुशहाली लाओ। (ख) जल ही जीवन है।

(ग) बीमारी भगाओ, स्वच्छता लाओ। (घ) हमारा संकल्प, स्वच्छ भारत।

97. राजस्थान का प्रसिद्ध भोजन है–

(क) इडली–सांभर (ख) माच्छ–भात (ग) दाल–बाटी (घ) खमन–ढोकला

98. स्वच्छ चमकीले .......................... निर्मल सुंदर मुस्कान बिखेरते है। यहाँ रिक्त स्थान पर कौनसा शब्द आएगा ?

(क) दाँत (ख) कान (ग) नाखून (घ) बाल

99. बक्सा  को ठीक ऊपर से देखने पर इसका आकार कैसा दिखाई देगा ?

(क)  (ख)  (ग)  (घ) 

100. संजय मोहल्ले के चौक में दोस्तों के साथ खेल रहा है। वे लोग एक बड़ी और एक छोटी लकड़ी से खेल रहे है। बताओं वे क्या खेल रहें है?

(क) लूडो (ख) शतरंज (ग) गुल्ली–डंडा (घ) चंगाबित्ती

101. घर के अंदर चंदा अपनी दादी के साथ पासे  का उपयोग करते हुए खेल रही है। बताओ, वह क्या खेल रहे हैं ?

(क) सांप–सीढी (ख) क्रिकेट (ग) हॉकी (घ) टेनिस

102. राम को घर के अंदर खेलना पसंद है, जबकि उसके दोस्त श्याम को बाहर, कहाँ खेलने वाले खेल में व्यायाम अधिक होगा–

(क) घर के अंदर (ख) घर के बाहर (ग) दोनों में बराबर (घ) दोनों में ही नहीं

103. बड़े खुले मैदान/कोर्ट में खेले जाने वाले खेलों की प्रमुख समस्या क्या है –

(क) आनंद कम आता है (ख) व्यायाम कम होता है

(ग) उपयुक्त खेल मैदान कम होते है। (घ) खिलाड़ियों की कमी होती है।

104. वह खेल जिसे खेलने के लिए बड़े मैदान/कोर्ट की जरूरत नहीं होती –

(क) क्रिकेट (ख) हॉकी (ग) कबड्डी (घ) शतरंज

105. गली–मोहल्ले में बच्चे कई ऐसे खेल खेलते है जिन्हें बड़ी आयोजित प्रतियोगिताओं में नहीं खेला जाता। इन्हें अगर स्थानीय खेल कहा जाए तो निम्न में से स्थानीय खेल कौनसा है ?

(क) कबड्डी (ख) सितोलिया (ग) क्रिकेट (घ) टेनिस

106. लुडो के खेल में अधिकतम खेलने वाले खिलाड़ी होते हैं–

(क) दो (ख) पाँच (ग) चार (घ) दस

107. निम्न में से कबड्डी खेल का नियम नहीं है –

(क) दूसरे पाले में जाकर बिना साँस तोड़े कबड्डी–कबड्डी बोलना।

(ख) प्रत्येक पाले में खिलाड़ियों की संख्या बराबर होना जरूरी नहीं।

(ग) विपक्षी पाले के खिलाड़ी को आउट करने के लिए उन्हें छूना होगा।

(घ) जो रेड करने जाएगा उसे मध्य लाइन पार कर आना होगा।

108. खेलते समय किसी बच्चे को चोट लग जाए तो आप क्या करेंगे ?

(क) भाग जाएँगे। (ख) प्राथमिक उपचार करेंगे।

(ग) चुपचाप देखते रहेंगे। (घ) रोने लग जाएँगे।

109. खेलने से पहले कौनसी गतिविधि करनी चाहिए–

(क) वार्मअप करना चाहिए। (ख) नहाना चाहिए।

(ग) खाना चाहिए। (घ) सोना चाहिए।

110. कोई अजनबी आपको चॉकलेट दे और आप को साथ चलने को कहें तो आप क्या करेंगे ?

(क) साथ चले जाएँगे। (ख) भाग कर बड़ों को बताएँगे।
(ग) चॉकलेट ले लेंगे। (घ) उससे झगड़ा करेंगे।

111. किरण को उसके पड़ोसी द्वारा छुआ जाना पसंद नहीं है, उसे क्या करना चाहिए ?

(क) चुपचाप रहना चाहिए क्योंकि दूसरों को बताने से उसकी बदनामी होगी।
(ख) दोस्तों को नहीं बताना चाहिए क्योंकि सब उसका मजाक उड़ाएंगे।
(ग) माता–पिता को बता देना चाहिए।
(घ) चुप रहना चाहिए नहीं तो पड़ोसी से व्यवहार बिगड़ जाएँगे।

112. खेलकर घर आते ही सबसे पहले क्या करना चाहिए ?

(क) कुछ खा लेना चाहिए। (ख) हाथ–पैर धोने चाहिए।
(ग) पानी पीना चाहिए। (घ) सो जाना चाहिए।

113. 'व्यक्तिगत स्वच्छता' के संबंध में निम्न मे से कौनसा कथन सही है–

(क) यह आवश्यक नहीं है। (ख) यह हमें बीमार करती है।
(ग) इससे समय खराब होता है। (घ) इससे हम साफ व स्वस्थ रहते है।

114. निम्न में से स्वच्छता से संबंधित अच्छी आदत है–

(क) खेल के बाद नहाकर साफ कपड़े पहनना। (ख) खाने से पहले हाथ मिट्टी से साफ करना।
(ग) माह में एक बार दाँत साफ करना। (घ) सात दिन में एक बार नहाना।

115. स्वस्थ रहने के लिए हमें क्या करना चाहिए–

(क) बीमार होने पर डॉक्टर को दिखाना चाहिए। (ख) व्यायाम करना चाहिए।
(ग) पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। (घ) आवश्यकता से अधिक खाना चाहिए।

116. हमें व्यायाम करना चाहिए–

(क) माह में एक बार (ख) साल में एक बार (ग) प्रतिदिन (घ) सप्ताह में एक बार

117. नाखून काटने के लिए सबसे सही तरीका है–

(क) दाँत से (ख) ब्लेड से (ग) नेल कटर से (घ) चाकू से

118. हमें दांत साफ करने चाहिए–

(क) सुबह उठते ही (ख) खेल के बाद (ग) नहाते समय (घ) खाना खाने के पहले

119. कीटाणु न फैले इसलिए हमें मुँह पर हाथ या रूमाल रख लेना चाहिए–

(क) खाँसते समय (ख) सोते समय (ग) खाते समय (घ) हँसते समय

120. मिष्ठी की माँ को उसकी कौनसी आदत बिल्कुल पसंद नहीं थी –

(क) खाँसते समय मुँह पर रूमाल रखना। (ख) नाखून चबाना।
(ग) हाथ धोने के बाद नल बंद करना (घ) कचरे को डस्टबीन में डालना।

121. ठीक ऊपर से चित्र लिया जाए जो इनमें से कौनसा चित्र गोल नहीं दिखेगा ?

(क)  (ख)  (ग)  (घ) 

122. कुछ कार्य ऐसे होते हैं जिन्हें बच्चे कर तो सकते हैं पर बिना बड़ों के देखरेख के करना हानिकारक हो सकता है। निम्न में से ऐसा कौन सा कार्य है जिसमें बड़ो की देख–रेख जरूरी नहीं–

(क) पटाखे छोड़ने। (ख) कैंची से कार्य करना।

(ग) तैरना सीखना। (घ) टेडी बियर से खेलना।

123. अमर को मूली के पराठे बहुत पसंद है मूली कहाँ पर लगती है–

(क) भूमि में (ख) भूमि के ऊपर (ग) पत्तियों पर (घ) फूलों पर

124. प्रीति अपने दादा के साथ खेत पर जाती है, उसे वहाँ एक पेड़ के फल बहुत पसंद है वह पेड़ है –

(क) नीम (ख) अमरूद (ग) बबूल (घ) पीपल

125. बीज किससे उत्पन्न होते है?

(क) जड़ (ख) तना (ग) फल (घ) पत्ती

126. मधुमक्खियाँ किससे भोजन प्राप्त करती है–

(क) फलों से (ख) फूलों से (ग) पत्तियों से (घ) सब्जियों से

127. किस से तेल प्राप्त नहीं होता है–

(क) सरसों (ख) मूंगफली (ग) तिल (घ) गेहूँ

128. राष्ट्रीय त्योहार है–

(क) होली (ख) दिवाली (ग) स्वतंत्रता दिवस (घ) दशहरा

129. चांद दिखाई दे गया है। मीठी सेवइयाँ बनाने के तैयारी चल रही है। बताओ अब कौन सा त्योहार मनाया जाएगा ?

(क) ईद (ख) दिवाली (ग) रक्षाबंधन (घ) होली

130. ऐंथोनी प्रत्येक रविवार को चर्च में प्रार्थना करने जाता है वहाँ किसकी मूर्ति लगी होती है ?

(क) राम की (ख) ईसा मसीह की (ग) दुर्गा की (घ) महावीर की

131. महावीर स्वामी किस धर्म से संबंधित है–

(क) बौद्ध (ख) हिंदू (ग) जैन (घ) ईसाई

132. कमलेश और उसका परिवार गुरूनानक देव के भक्त है। वे क्या कहलाते है ?

(क) सिक्ख (ख) मुस्लिम (ग) जैन (घ) ईसाई

133. निम्न में से वह जो मांस नहीं खाता–

(क) शेर (ख) बकरी (ग) सियार (घ) बघेरा

134. जलीय जंतु छाँटिए–

(क) हाथी (ख) मछली (ग) तोता (घ) चिड़ियाँ

135. निम्न में से पक्षी है–

(क) बिल्ली (ख) चीता (ग) कुत्ता (घ) तोता

136. भेड से ऊन प्राप्त होती है मुर्गी से–

(क) अंडा (ख) दूध (ग) शहद (घ) रेशम

137. निम्न में से कौनसे जंतु को चिड़ियाघर में नहीं रखा जाता है–

(क) सियार (ख) शेर (ग) भालू (घ) कुत्ता

138. सोजत अपने नाना के साथ मेले में गया। उन्हें पर्यटकों को सवारी करवाने के लिए पशु खरीदने थे। बताओ उन्होंने क्या खरीदा ?

(क) बकरी (ख) बैल (ग) कुत्ता (घ) घोड़ा

139. राष्ट्रीय पशु है–

(क) हाथी (ख) शेर (ग) चीता (घ) लोमड़ी

140. निम्न में से किस जंतु के दो दांत बहुत बड़े होते है परन्तु वे खाने के काम में नहीं आते है–

(क) मगरमच्छ (ख) चीता (ग) हाथी (घ) कुत्ता

141. अनु की गेंद पेड़ की ऊँची डाली पर अटक गई है। उसने अपने पालतू पशु की सहायता से गेंद निकाल दी। वह पशु था ?

(क) बिल्ली (ख) बकरी (ग) कुत्ता (घ) खरगोश

142. केचुएँ किस मौसम में मिट्टी से बाहर आ जाते हैं–

(क) सर्दी में (ख) गर्मी में (ग) बरसात में (घ) सभी मौसम में

143. संगीता अपने माता–पिता के साथ भारतीय लोककला मंडल घूमने गई, उसे वहाँ पाबूजी की फड़ बहुत पसंद आयी, पाबूजी किस राज्य से संबंधित है–

(क) महाराष्ट्र (ख) आंध्रप्रदेश (ग) राजस्थान (घ) केरल

144. लाखा गूजरी की गायों को किस लोक देवता ने छुड़वाया था–

(क) पाबूजी (ख) नारायण जी (ग) तेजाजी (घ) मानाजी

145. रस ह्रदय नामक ग्रंथ के रचयिता हैं–

(क) महात्मा गाँधी (ख) नागार्जुन (ग) विवेकानंद (घ) जगदीश चन्द्र बसु

146. वैदिक व बौद्ध दर्शन में समन्वय स्थापित करने वाले विद्वान हैं–

(क) महात्मा बुद्ध (ख) विवेकानंद (ग) महात्मा गाँधी (घ) नागार्जुन

147. नागार्जुन सागर बाँध कौनसी नदी पर बना है–

(क) बनास (ख) गंगा (ग) कृष्णा (घ) गोदावरी

148. पेड़ पौधों में संवेदनशीलता किस वैज्ञानिक ने बताई–

(क) नागार्जुन (ख) जगदीश चन्द्र बसु (ग) मारकोनी (घ) राबर्ट हुक

149. भगिनी निवेदिता किस गुरु की शिष्या थी–

(क) महात्मा गांधी (ख) विवेकानंद (ग) महावीर स्वामी (घ) राजा राम मोहन राय

150. हमारे राष्ट्रपिता है–

(क) महात्मा गाँधी (ख) सरदार वल्लभ भाई पटेल

(ग) जवाहर लाल नेहरू (घ) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

151. ध्रुव फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में एक महापुरुष बनकर आया, उसने सत्य व अहिंसा पर भाषण दिया, बताओ वह क्या बना है ?

(क) नागार्जुन (ख) विरसा मुण्डा (ग) महात्मा गाँधी (घ) जगदीश चन्द्र बसु

152. बिरसा मुण्डा का जन्म कहाँ हुआ?

(क) उदयपुर में (ख) जोधपुर में (ग) छोटा नागपुर (घ) पूना में

153. राम भोजन के कुछ चुनी सब्जियाँ जैसे भिंडी, आलू व पनीर ही खाता है, उसे भविष्य में किस समस्या का सामना करना पड़ेगा–

(क) पीलिया (ख) कुषोषण (ग) बुखार (घ) सिरदर्द

154. निम्न में से कौनसे समूह की सब्जियाँ कच्ची भी खाई जाती है–

(क) आलू, बैंगन, मटर (ख) मूली, भिंडी, लौकी

(ग) गाजर, टमाटर, मूली (घ) गाजर, बैंगन, करेला

155. मोहन अपने चाचा के यहाँ गया उसने चाची को एक धूप में रखे डिब्बे में सब्जी व चावल रखकर खाना पकाते देखा। मोहन की चाची किस साधन पर खाना पका रही थी ?

(क) सिगड़ी (ख) गैस स्टोव (ग) सौर चूल्हा (घ) मिट्टी का चूल्हा

**(156–159) दिये गये चित्र में दीपक व उसके रिश्तेदार हैं। चित्र देखकर बताइए :–**




156. चमेली परी के रिश्ते में क्या लगती है ?

(क) माँ (ख) बुआ (ग) दादी (घ) बहन

157. खुबीलाल की पुत्री कौन है ?

(क) चतेली (ख) तन्नू (ग) परी (घ) मंजू

158. परी तन्नू की कौन है ?

(क) माँ (ख) पुत्री (ग) बुआ (घ) दादी

159. जीवन और मंजू का रिश्ता क्या है ?

(क) पति–पत्नी का (ख) माँ–बेटे का (ग) भाई–बहन का (घ) दादा–पोती का

160. यदि  :  तो  : ...................... होगा ?

(क)  (ख) 

(ग)  (घ) 

161. पेड़ तो कई जंतुओं एवं पक्षियों के आवास भी होते हैं। इस आधार पर निम्न में से कौन सा वाक्य गलत है ?

(क) जंतुओं एवं पक्षियों के आवास को पेड़ कहते हैं।

(ख) पेड़ों पर कई तरह के जीव रहते हैं।

(ग) आवास के अलावा पेड़ों के और भी उपयोग हैं।

(घ) पेड़ सभी जन्तुओं और पक्षियों के आवास नहीं है।

162. बतख की चोंच होती है –



(क) बड़ी व आगे से चौड़ी (ख) बड़ी व आगे से नुकीली

(ग) छोटी व आगे से नुकीली (घ) छोटी व आगे से तीखी

163. आपके दादाजी की तबीयत एकदम बहुत खराब हो जाती है, अपने पिताजी को तुरंत सूचना देने के लिए सबसे उपयुक्त साधन है–

(क) ई–मेल (ख) मोबाईल (ग) टेलीग्राम (घ) पोस्टकार्ड

164. मिट्टी पौधे के लिए लाभदायक है क्योंकि यह पौधे को–

(क) पहचान देती है। (ख) जल व पोषक तत्व देती है।

(ग) पशुओं से बचाती है। (घ) रंग प्रदान करती है।

165. कौनसा जीव जमीन के अन्दर रहता है ?

(क) गिलहरी (ख) केंचुआ (ग) तितली (घ) खरगोश

166. आपको आटा, घी, शक्कर दिया जा रहा है, आप निम्न में से कौनसा व्यंजन बनाएँगे–

(क) खीर (ख) इडली (ग) हलवा (घ) कचौड़ी

167. आपको यदि जल संसाधन मंत्री बना दिया जाए तो आप किस गतिविधि पर रोक लगाएंगे ?

(क) घरों में बरसात के पानी के संग्रहण पर।

(ख) नहरों द्वारा तालाब के पानी से सिंचाई पर।

(ग) नदी तालाबों में उद्योगों के गंदे पानी को छोड़ने पर।

(घ) नदी पर जगह–जगह एनिकट बनाने पर।

168. मीरा के दादाजी 90 साल के है, उनके दाँत भी बहुत कम है व उन्हें भोजन पचाने में भी परेशानी होती है। उन्हें भोजन में क्या देना चाहिए ?

(क) दाल–बाटी (ख) सलाद (ग) खिचड़ी (घ) पूड़ी–सब्जी

169. मुकेश को 26 जनवरी को पर्यावरण मित्र के पुरस्कार से सम्मानित किया गया क्योंकि वह सदैव –

(क) फल व सब्जियों के छिलकों से खाद बनाता था।

(ख) वह एक बहादुर गोताखोर था।

(ग) वह कमजोर छात्रों की मदद करता था।

(घ) वह पढ़ाई में बहुत होशियार था।

170. दिवाली के त्योहार पर सविता घर की सजावट करने हेतु फूल व पत्तियाँ लेकर आई। वह इनमें से क्या बनाएगी ?

(क) मांडने (ख) रंगोली (ग) चित्रकारी (घ) मेहंदी

| उत्तरमाला (पर्यावरण अध्ययन) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 (ख) | 2 (ख) | 3 (क) | 4 (क) | 5 (ख) |
| 6 (घ) | 7 (ग) | 8 (क) | 9 (घ) | 10 (घ) |
| 11 (घ) | 12 (ग) | 13 (ग) | 14 (क) | 15 (ग) |
| 16 (ख) | 17 (क) | 18 (क) | 19 (ग) | 20 (ख) |
| 21 (ग) | 22 (ग) | 23 (ग) | 24 (क) | 25 (ख) |
| 26 (ग) | 27 (क) | 28 (ख) | 29 (क) | 30 (घ) |
| 31 (ग) | 32 (ख) | 33 (क) | 34 (ग) | 35 (क) |
| 36 (ख) | 37 (ख) | 38 (क) | 39 (घ) | 40 (ख) |
| 41 (ख) | 42 (ग) | 43 (ग) | 44 (क) | 45 (घ) |
| 46 (ख) | 47 (ख) | 48 (ग) | 49 (ख) | 50 (ख) |
| 51 (ग) | 52 (ग) | 53 (घ) | 54 (ख) | 55 (ख) |
| 56 (घ) | 57 (क) | 58 (ख) | 59 (ग) | 60 (घ) |
| 61 (घ) | 62 (ख) | 63 (ख) | 64 (क) | 65 (घ) |
| 66 (क) | 67 (क) | 68 (घ) | 69 (घ) | 70 (क) |
| 71 (ख) | 72 (क) | 73 (ख) | 74 (क) | 75 (क) |
| 76 (क) | 77 (ख) | 78 (घ) | 79 (घ) | 80 (क) |
| 81 (ग) | 82 (क) | 83 (ख) | 84 (घ) | 85 (घ) |
| 86 (क) | 87 (क) | 88 (क) | 89 (घ) | 90 (ख) |
| 91 (क) | 92 (ग) | 93 (ग) | 94 (घ) | 95 (ग) |
| 96 (क) | 97 (ग) | 98 (क) | 99 (क) | 100 (ग) |
| 101 (क) | 102 (ख) | 103 (ग) | 104 (घ) | 105 (ख) |
| 106 (ग) | 107 (ख) | 108 (ख) | 109 (क) | 110 (ख) |
| 111 (ग) | 112 (ख) | 113 (घ) | 114 (क) | 115 (घ) |
| 116 (ग) | 117 (ग) | 118 (क) | 119 (क) | 120 (ख) |
| 121 (ख) | 122 (घ) | 123 (क) | 124 (ख) | 125 (ग) |
| 126 (ख) | 127 (घ) | 128 (ग) | 129 (क) | 130 (ख) |
| 131 (ग) | 132 (क) | 133 (ख) | 134 (ख) | 135 (घ) |
| 136 (क) | 137 (घ) | 138 (घ) | 139 (ग) | 140 (ग) |
| 141 (क) | 142 (ग) | 143 (ग) | 144 (ग) | 145 (ख) |
| 146 (घ) | 147 (ग) | 148 (ख) | 149 (ख) | 150 (क) |
| 151 (ग) | 152 (ग) | 153 (ख) | 154 (ग) | 155 (ग) |
| 156 (ग) | 157 (घ) | 158 (ख) | 159 (ग) | 160 (क) |
| 161 (क) | 162 (क) | 163 (ख) | 164 (ख) | 165 (ख) |
| 166 (ग) | 167 (ग) | 168 (ग) | 169 (क) | 170 (ख) |

# NAS 2017 कक्षा–3 (पर्यावरण अध्ययन)

1. एक मेंढ़क एक बड़े पत्थर पर बैठा हुआ है। आप उनके पास जाते हैं और ताली बजाते हैं। मेंढ़क कूद जाता है, पर पत्थर नहीं कूदता। यह क्या दिखाता है?



(क) पत्थर जीवित है और मेंढ़क अजीवित है।

(ख) पत्थर अजीवित है और मेंढ़क जीवित है।

(ग) मेंढ़क और पत्थर दोनों अजीवित हैं।

(घ) मेंढ़क और पत्थर दोनों जीवित हैं।

2. विद्यालय की छुट्टी के बाद जो पानी आपकी बोतल में बच जाता है उसका सबसे अच्छा उपयोग कैसे किया जा सकता है?

(क) पानी कहीं भी फेंक कर। (ख) पानी को अपने दोस्त पर फेंक कर।

(ग) पानी के साथ खेल कर। (घ) पानी को पौधों में डाल कर।

3. निम्न में से कौन–सा आहार आपको स्वस्थ रखता है?

(क) केक और बिस्कुट (ख) तली हुई चीज़ें– जैसे चिप्स

(ग) दूध और फल (घ) मिठाइयाँ

4. सड़क पर चलते हुए हम कुछ चिह्नों को देखते हैं। यह चिह्न क्या दर्शाता है?



(क) आगे स्कूल है। (ख) आगे अस्पताल है।

(ग) आगे पार्क है। (घ) आगे खेल का मैदान है।

5. नीचे दिए गए चित्र को देखिए और यहाँ हो रही गतिविधि को पहचानिए।



(क) धातु के बर्तन बन रहे हैं। (ख) मिट्टी के घड़े बन रहे हैं।

(ग) थैले बन रहे हैं। (घ) पहिये बन रहे हैं।

6. स्थिर पानी पर मिट्टी का तेल क्यों फैलाया जाता है?

(क) मछलियों को मारने के लिए। (ख) मच्छरों के अंडों को मारने के लिए।

(ग) दुर्गंध को दूर करने के लिए। (घ) पानी की परत में चमक लाने के लिए।

7. मेरे विद्यालय में कुछ फर्नीचर हैं, जैसे–कुर्सी, टेबल और अलमारी।यह फर्नीचर किससे बने हुए हैं?



(क) धातु और कागज से (ख) कागज और लकड़ी से

(ग) मिट्टी और कागज से (घ) लकड़ी और धातु से

8. कुछ जानवर दूसरे जानवरों का माँस खाते हैं। इन जानवरों के दाँत किस प्रकार के होते हैं?

(क) आगे के दाँत (ख) समतल दाँत (ग) तेज दाँत (घ) गोल दाँत

9. इस सूचना पट्ट के अनुसार पानीपत कितनी दूरी पर है?




(क) 85 कि.मी. पीछे (ख) 85 कि.मी. आगे (ग) 119 कि.मी. आगे (घ) 119 कि.मी. पीछे

10. निम्न में से किस चीज को खरीदने के लिए तराजू का उपयोग होगा?

(क) मिट्टी का तेल (ख) दूध (ग) प्याज (घ) पेंसिल

11. इस आरेख को देखिए। ऊपर उत्तर दिशा है तो दक्षिण दिशा किस ओर है?




(क) ऊपर (ख) नीचे (ग) बाएँ (घ) दाएँ

12. निम्न दिए जोड़ों में से सही जोड़े को चुनिए –

(क) स्टैथोस्कोप; आलाद्ध –बिजली मिस्त्री (ख) पत्रा – चिकित्सक

(ग) बस –ड्राइवर (घ) पेचकस – मोची

13. घर में प्रवेश करने से पहले हम जूते उतारते हैं क्योंकि.....

(क) यह हमारे परिवार की संस्कृति है।

(ख) इससे घर को साफ व स्वच्छ रखने में मदद मिलती है।

(ग) ऐसा पड़ोसी के घर होता है।

(घ) हमारे माता–पिता ऐसा करने के लिए कहते हैं।

14. दी गयी सब्जियों के समूह में से किसकी पत्तियों को खाया जाता है?

(क) पालक और धनिया  (ख) मिर्च और पालक

(ग) टमाटर और धनिया  (घ) बैंगन और फूलगोभी

15. 'पालतू पशुओं को घर में रखा जा सकता है।' निम्नलिखित में से कौन–सा पालतू पशुओं का समूह है?

(क) चीता, शेर, बिल्ली  (ख) गाय, कुत्ता, बिल्ली

(ग) बकरी, मोर, कुत्ता  (घ) हिरन, भालू, कुत्ता

16 मेरी माँ ने इस महीने एक बच्चे को जन्म दिया, अब मेरी एक बहन है। मेरे परिवार में कैसे परिवर्तन हुआ?

(क) अब मेरा परिवार बड़ा हो गया है।  (ख) अब मेरा परिवार छोटा है।

(ग) कोई परिवर्तन नहीं।  (घ) मैं अपनी बहन से प्यार करता हूँ।

17 यदि गर्म पानी के कटोरे को धातु की एक थाली से ढका जाए तो कुछ देर बाद थाली होगी–

(क) गर्म  (ख) ठंडी  (ग) काली  (घ) चमकीली

18 आपको विश्व भर की पाँच ताजा खबरों पर लिखना है। निम्न में से आप किसका उपयोग करेंगे?

(क) 
चिट्ठी

(ख) 
टेलीफोन

(ग) 

अखबार

(घ) 
कहानी की किताब

19 जानवरों को उनके आकार के अनुसार छोटे से बड़े के क्रम में लगाया गया है। कौन–सा क्रम सही है?

(क) कुत्ता, हाथी, शेर  (ख) घोड़ा, हाथी, चूहा  (ग) गिलहरी, शेर, हाथी  (घ) चींटी, गाय, कुत्ता

20 नीचे चित्रों में दर्शायी स्थितियों में, कुछ समय पश्चात् कौन–से गिलास या कटोरी में से सबसे अधिक पानी कम हो जाएगा?

(क) 

(ख) 

(ग) 

(घ) 

21 इस डार्ट खेल में, चार खिलाड़ियों के अंक नीचे दिए गए हैं। डार्ट का केन्द्र बुल्स आई है। 'बुल्स आई' पर निशाना लगाने पर 50 अंक मिलते हैं।

इनमें से कौन–से जोड़े ने बुल्स आई पर निशाना लगाया?

| **खिलाड़ी** | **अंक** |
|---|---|
| राज | 0 |
| राकेश | 50 |
| रोहन | 150 |
| रहमान | 100 |



(क) राज और राकेश (ख) राकेश और रोहन (ग) रोहन और राज (घ) रहमान और राज

22 यदि आपका बटुआ बाज़ार में चोरी हो जाता है, तो आप इसकी कहाँ शिकायत दर्ज करायेंगे?

(क) पुलिस चौकी (ख) अस्पताल (ग) बैंक (घ) विद्यालय

23 निम्न में से कौन–सा समूह ऐसा है जिसमें दिए गए पशु कूद–कूद कर चलते हैं?

(क) घोड़ा, मछली (ख) खरगोश, कंगारू (ग) हाथी, कुत्ता (घ) बिल्ली, कौआ

24 आप बस से यात्राा कर रहे हैं, अचानक बस ड्राईवर को ट्रैफिक सिग्नल पर लालबत्ती दिखाई देती है। तो उसे क्या करना चाहिए?



(क) बस रोक देनी चाहिए

(ख) चलते रहना चाहिए

(ग) और अधिक गति से बस चलाना चाहिए

(घ) और कम गति से बस चलाना चाहिए

25 परिवार में एक माह का शिशु है। शिशु को मुख्य आहार में क्या देना चाहिए?

(क) रोटी और दाल (ख) केवल फल

(ग) माँ का दूध (घ) सब्जियों को उबालकर बनाया गया रस

# परिशिष्ट

## सीखने के प्रतिफल (NCERT)

### कक्षा 3 (हिंदी)

| सीखने–सिखाने की प्रक्रिया | सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes) |
|---|---|
| **सभी शिक्षार्थियों (भिन्न रूप से सक्षम बच्चों सहित) को व्यक्तिगत, सामूहिक रूप से कार्य करने के अवसर और प्रोत्साहन दिया जाए ताकि उन्हें–**<br>● अपनी भाषा में अपनी बात कहने, बातचीत करने की भरपूर आजादी और अवसर हों।<br>● हिंदी में सुनी गई बात, कविता, कहानी आदि को अपने तरीके और अपनी भाषा में कहने–सुनाने/प्रश्न पूछने एवं अपनी बात जोड़ने, प्रतिक्रिया देने के अवसर उपलब्ध हों।<br>● बच्चों द्वारा अपनी भाषा में कही गई बातों को हिंदी भाषा और अन्य भाषाओं (जो भाषाएँ कक्षा में मौजूद हैं या जिन भाषाओं के बच्चे कक्षा में हैं) में दोहराने के अवसर उपलब्ध हों। इससे भाषाओं को कक्षा में समुचित स्थान मिल सकेगा और उनके शब्द–भंडार, अभिव्यक्तियों का भी विकास करने के अवसर मिल सकेंगे।<br>● पढ़ने का कोना/पुस्तकालय में स्तरानुसार विभिन्न प्रकार की रोचक सामग्री, जैसे– बाल साहित्य, बाल पत्रिकाएँ, पोस्टर, ऑडियो–वीडियो सामग्री उपलब्ध हो।<br>● तरह–तरह की कहानियों, कविताओं, पोस्टर आदि को चित्रों और संदर्भ के आधार पर समझने–समझाने के अवसर उपलब्ध हों।<br>● विभिन्न उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पढ़ने के विभिन्न आयामों को कक्षा में उचित स्थान देने के अवसर उपलब्ध हों, जैसे किसी कहानी में किसी जानकारी को खोजना, किसी जानकारी को निकाल पाना, किसी घटना या पात्र के संबंध में तर्क, अपनी राय दे पाना आदि। | **बच्चे –**<br>● कही जा रही बात, कहानी, कविता आदि को ध्यान से समझते हुए सुनते और अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं।<br>● कहानी, कविता आदि को उपयुक्त उतार–चढ़ाव, गति, प्रवाह और सही पुट के साथ सुनाते हैं।<br>● सुनी हुई रचनाओं की विषय–वस्तु, घटनाओं, पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं, प्रश्न पूछते हैं, अपनी प्रतिक्रिया देते हैं, राय बताते हैं। अपने तरीके से (कहानी, कविता आदि) अपनी भाषा में व्यक्त करते हैं।<br>● आस–पास होने वाली गतिविधियों/घटनाओं और विभिन्न स्थितियों में हुए अपने अनुभवों के बारे में बताते, बातचीत करते और प्रश्न पूछते हैं।<br>● कहानी, कविता अथवा अन्य सामग्री को समझते हुए उसमें अपनी कहानी/बात जोड़ते हैं।<br>● अलग–अलग तरह की रचनाओं/सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर आधारित प्रश्न पूछते हैं अपनी राय देते हैं। शिक्षक एवं अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करते हैं, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर (मौखिक, सांकेतिक) देते हैं।<br>● अलग–अलग तरह की रचनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझकर उनका अर्थ सुनिश्चित करते हैं।<br>● तरह–तरह की कहानियों, कविताओं/रचनाओं की भाषा की बारीकियों (जैसे शब्दों की पुनरावृत्ति, संज्ञा, सर्वनाम, विभिन्न विराम–चिह्नों का प्रयोग आदि) की पहचान और प्रयोग करते हैं। |

| | |
|---|---|
| ● सुनी, देखी बातों को अपने तरीके से अपनी भाषा में लिखने के अवसर हों।<br>● अपनी भाषा गढ़ने (नए शब्द/ वाक्य/ अभिव्यक्तियाँ बनाने) और उनका इस्तेमाल करने के अवसर हों।<br>● संदर्भ और उद्देश्य के अनुसार उपयुक्त शब्दों और वाक्यों का चयन करने, उनकी संरचना करने के अवसर उपलब्ध हों।<br>● अपना परिवार, विद्यालय, मोहल्ला, खेल का मैदान, गाँव की चौपाल जैसे विषयों पर अथवा स्वयं विषय का चुनाव कर अनुभवों को लिखकर एक–दूसरे से बाँटने के अवसर हों।<br>● एक–दूसरे की लिखी हुई रचनाओं को सुनने, पढ़ने और उन पर अपनी राय देने, उनमें अपनी बात को जोड़ने, बढ़ाने और अलग/ अलग ढंग से लिखने के अवसर हों। | ● स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत वर्तनी के प्रति सचेत होते हुए स्व–नियंत्रित लेखन (कनवेंशनल राइटिंग) करते हैं।<br>● विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में शब्दों के चुनाव, वाक्य संरचना और लेखन के स्वरूप (जैसे– दोस्त को पत्र लिखना, पत्रिका के संपादक को पत्र लिखना) को लेकर निर्णय लेते हुए लिखते हैं।<br>● विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में विरामचिह्नों, जैसे– पूर्ण विराम, अल्प विराम, प्रश्नवाचक चिह्न का सचेत इस्तेमाल करते हैं।<br>● अलग–अलग तरह की रचनाओं/सामग्री (अखबार, बाल पत्रिका, होर्डिंग्स आदि) को समझकर पढ़ने के बाद उस पर अपनी प्रतिक्रिया लिखते हैं, पूछे गए प्रश्नों के उत्तर (लिखित/ ब्रेल लिपि आदि में) देते हैं। |

| सीखने–सिखाने की प्रस्तावित प्रक्रियाएँ | सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes) |
|---|---|
| **सभी शिक्षार्थियों को जोड़े में/समूहों में/व्यक्तिगत रूप से कार्य करने के अवसर दिए जाएँ तथा उन्हें प्रोत्साहित किया जाए कि वे –**<br>● अपने परिवेश में बड़ी संख्याओं में उपलब्ध वस्तुओं को 100 के समूह, 10 के समूह और इकाइयों के रूप में गिनें।<br>● एक समूह कोई संख्या (999 तक) लिखें तथा दूसरा समूह इसे पढ़ें।<br>● तीन अंकों की सबसे बड़ी / छोटी संख्या लिखने हेतु स्थानीय मान का प्रयोग करें (अंकों की पुनरावृत्ति हो सकती है/ नहीं भी हो सकती है।)<br>● दी गयी संख्या के लिए मूर्त वस्तुओं को व्यवस्थित करें और अलग–अलग गुणन तथ्यों की समझ विकसित करें, जैसे – 6 आमों को निम्नांकित तरीकों से व्यवस्थित किया जा सकता है।<br><br><br>● 2, 3, 4, 5 तथा 10 के लिए विभिन्न तरीकों का प्रयोग कर गुणन तथ्यों का विकास करें, जैसे –<br>– छोड़कर गिनना | **बच्चे –**<br>● तीन अंकों की संख्या के साथ कार्य करते हैं।<br>– स्थानीय मान की मदद से 999 तक की संख्याओं को पढ़ते तथा लिखते हैं।<br>– स्थानीय मान के आधार पर 999 तक की संख्याओं के मानों की तुलना करते हैं।<br>– दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने में 3 अंकों की संख्याओं का जोड़ तथा घटा करते हैं (दोबारा समूह बनाकर या बिना बनाएँ) (जोड़ का मान 999 से अधिक न हो)<br>– 2, 3, 4, 5 तथा 10 के गुणन तथ्य बनाते हैं तथा दैनिक जीवन की परिस्थितियों में उनका उपयोग करते हैं।<br>– विभिन्न दैनिक परिस्थितियों का आकलन कर उचित संक्रियाओं का उपयोग करते हैं।<br>– भाग के तथ्यों को बराबर समूह में बाँटने और बारंबार घटाने की प्रक्रिया के रूप में समझते हैं। उदाहरण के लिए 12 रू 3 में 12 को 3–3 के समूह में बाँटने पर कुल समूहों की संख्या 4 होती है अथवा 12 में से 3 को बारंबार घटाने की प्रक्रिया जो कि 4 बार में संपन्न होती है।<br>● छोटी राशियों को समूह अथवा बिना समूह के जोड़ते तथा घटाते हैं।<br>● मूल्य सूची तथा सामान्य बिल बनाते हैं।<br>● द्वि–आयामी आकृतियों की समझ अर्जित करते हैं।<br>– कागज को मोड़कर, डॉट ग्रिड पर, पेपर कटिंग द्वारा द्य बनी तथा सरल रेखा से बनी द्वि–आयामी आकृतियों को पहचानते हैं। |




– तथा बारंबार जोड़ द्वारा।

- बराबर बाँटना, समूह बनाना तथा उसे गणितीय रूप से अपने दैनिक जीवन से संबंधित करना आदि का अनुभव करें। उदाहरण के लिए – बच्चों में बराबर संख्या में मिठाई बाँटना।
- अपने आस–पास उपलब्ध त्रि–आयामी (3D) आकृतियों का अवलोकन करें तथा उनके संगत द्वि–आयामी (2D) आकृतियों, जैसे – त्रिभुज, वर्ग, वृत्त आदि के सापेक्ष समानता तथा असमानता के बारे में चर्चा करें।
- कागज को मोड़कर/काटकर द्वि–आयामी आकृतियाँ बनाएँ।
- अपने शब्दों/भाषा में द्वि–आयामी आकृतियों के गुणों, जैसे – कोनों, सतहों और किनारों की संख्या आदि की चर्चा करें।
- आस–पास के परिवेश, जैसे – फर्श, फुटपाथ आदि में स्थित विभिन्न आकृतियों के अवलोकन पर चर्चा करें तथा इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि सभी आकृतियाँ सतह को पूरा–पूरा नहीं ढक सकती।
- विक्रेता तथा क्रेता का भूमिका निर्वाह (रोलप्ले) आयोजित करें जिसमें खरीदने एवं बेचने की ऐसी गतिविधियाँ हो जिनमें राशियों के जोड़ तथा घटा की प्रक्रिया को खेल मुद्रा के माध्यम से प्रदर्शित किए जाने के अवसर हो।
- स्केल/टेप के द्वारा आस–पास में स्थित वस्तुओं की लंबाई मापें। सर्वप्रथम लंबाइयों का अनुमान लगाएँ। बाद में वास्तविक नाप लेकर अनुमान की पुष्टि करें।
- साधारण तुला के उपयोग से सामान्य वस्तुओं का भार मापें तथा उनकी तुलना करें। यह कार्य

– द्वि–आयामी आकृतियों का वर्णन भुजाओं की संख्या, कोनों की संख्या (शीर्ष) तथा विकर्णो की संख्या के आधार पर करते हैं, जैसे– किताब के कवर की आकृति में 4 भुजा, 4 कोने तथा 2 विकर्ण होते हैं।

– दिए गए क्षेत्र को एक आकृति के टाइल की सहायता से बिना कोई स्थान छोड़े भरते हैं।

- मानक इकाइयों, जैसे – सेंटीमीटर, मीटर का उपयोग कर लंबाइयों तथा दूरियों का अनुमान एवं मापन करते हैं। इसके साथ ही इकाइयों में संबंध की पहचान करते हैं।
- मानक इकाइयों ग्राम, किलोग्राम तथा साधारण तुला के उपयोग से वस्तुओं का भार मापते हैं।
- अमानक इकाइयों का प्रयोग कर विभिन्न बर्तनों की धारिता की तुलना करते हैं।
- दैनिक जीवन की स्थितियों में ग्राम, किलोग्राम मापों को जोड़ते और घटाते हैं।
- कैलेंडर पर एक विशेष दिन तथा तारीख को पहचानाते हैं।
- घड़ी का उपयोग करते हुए घंटे तक समय पढ़ते हैं।
- सरल आकृतियों तथा संख्याओं के पैटर्न का विस्तार करते हैं।
- टेली चिह्न का प्रयोग करते हुए आँकड़ों का अभिलेखन करते हैं तथा उनको चित्रालेख के रूप में प्रस्तुति कर निष्कर्ष निकालते हैं।

| | |
|---|---|
| अमानक इकाइयों जैसे– पत्थर अथवा वस्तुओं के पैकेट के माध्यम से किया जाएँ।<br>● विभिन्न बर्तनों की धारिता मापें तथा मापन संबंधित अनुभवों को साझा करें। उदाहरण के लिए – एक बाल्टी को भरने के लिए कितने जग पानी की जरूरत होगी अथवा एक जग पानी से कितने गिलास भरे जा सकते हैं।<br>● चर्चा/कहानी के माध्यम से समय तथा कैलेंडर से संबंधित शब्दावली का प्रयोग करें।<br>● घड़ी तथा कैलेंडर पढ़ने का प्रयास करें।<br>● ज्यामिति तथा संख्या पैटर्न का अवलोकन तथा चर्चा करें। (विद्यार्थियों के समूह द्वारा पूरी कक्षा के सामने प्रस्तुतीकरण किया जा सकता है।)<br>● अपने तरीकों से आँकड़ों को इकट्ठा कर अभिलेखित करें तथा चित्रालेख के माध्यम से प्रस्तुत करें, जैसे – विद्यालय के बाग में विभिन्न रंगों के फूलों या कक्षा में छात्र तथा छात्राओं की संख्या।<br>● पत्रिकाओं तथा अखबारों से चित्रालेख लेकर उनकी व्याख्या करें तथा कक्षा–कक्ष में उसका प्रदर्शन करें। | |

## कक्षा 3 (पर्यावरण अध्ययन)

| सीखने–सिखाने की प्रस्तावित प्रक्रियाएँ | सीखने के प्रतिफल (Learning Outcomes) |
|---|---|
| **सभी शिक्षार्थियों को जोड़ो में/समूहों में/व्यक्तिगत रूप से कार्य करने के अवसर दिए जाएँ तथा प्रोत्साहित किया जाए।**<br>● अपने आस–पास के परिवेश, अर्थात घर, विद्यालय और पड़ोस की विभिन्न स्तुओं/पेड़–पौधों/जंतुओं/पक्षियों के मूर्त/सामान्य रूप से देखे जा सकने वाले लक्षणों (विविधता, दिखावट, गतिशीलता, रहने के स्थान/कहाँ पाए जाते हैं, आदतें, आवश्यकताएँ, व्यवहार, आदि) का अवलोकन और खोज करें।<br>● जिन लोगों के साथ वे रहते हैं, वे क्या काम करते हैं, उनके पारस्परिक संबंध और उनके शारीरिक लक्षणों और आदतों के लिए उनके घर/परिवार को देखना, खोजना और विभिन्न तरीकों से इन अनुभवों को साझा करना।<br>● अपने आस–पास में परिवहन के साधनों, संचार साधनों तथा लोग क्या कार्य करते हैं की खोजबीन करें।<br>● अपने घर/विद्यालय के रसोईघर में खाने की चीजों, बर्तनों, चूल्हों तथा खाना पकाने की प्रक्रिया का अवलोकन करें।<br>● बड़ों से चर्चा करके पता लगाना कि हमें/पक्षियों/जंतुओं को जल, भोजन कहाँ से प्राप्त होता है (पौधे/जंतु, पौधे का कौन–सा भाग हम खाते हैं, आदि), रसोईघर में कौन काम करता है, कौन क्या खाता है और अंत में कौन खाता है।<br>● आस–पास के विभिन्न स्थलों का भ्रमण करना, जैसे – बाजार में खरीदने / बेचने की प्रक्रिया का अवलोकन करना, एक पत्र की डाकघर से घर तक की यात्रा, स्थानीय जल स्रोतों आदि का | बच्चे–<br>● सामान्य रूप से अवलोकन द्वारा पहचाने जाने वाले लक्षणों (आकार, रंग, बनावट, गंध) के आधार पर अपने आस–पास के परिवेश में उपलब्ध पेड़ों की पत्तियों, तनों एवं छाल को पहचानते हैं।<br>● अपने परिवेश में पाए जाने वाले जीव–जंतुओं को उनके सामान्य लक्षणों (जैसे– आवागमन, वे स्थान जहाँ वे पाए/रखे जाते हैं, भोजन की आदतों, उनकी ध्वनियों) के आधार पर पहचानते हैं।<br>● परिवार के सदस्यों के साथ अपने तथा उनके आपस के संबंधों को समझते हैं।<br>● अपने घर/ विद्यालय /आस–पास की वस्तुओं, संकेतों (बर्तन, चूल्हे, यातायात, संप्रेषण के साधन साइनबोर्ड आदि), स्थानों, (विभिन्न प्रकार के घर/आश्रय, बस स्टैंड, पेट्रोल पंप आदि), गतिविधियों (लोगों के कार्यों, खाना बनाने की प्रक्रिया आदि) को पहचानते हैं।<br>● विभिन्न आयु वर्ग के व्यक्तियों, जीव–जंतुओं और पेड़–पौधों के लिए पानी तथा भोजन की उपलब्धता एवं घर तथा परिवेश में पानी के उपयोग का वर्णन करते हैं।<br>● मौखिक/लिखित/अन्य तरीकों से परिवार के सदस्यों की भूमिका, परिवार का प्रभाव (गुणों/लक्षणों/आदतों/व्यवहार) एवं साथ रहने की आवश्यकता का वर्णन करते हैं।<br>● समानताओं/असमानताओं (जैसे – रंग–रूप/ रहने के स्थान / भोजन/ आवागमन/ पसंद–नापसंद /कोई अन्य लक्षण) के अनुसार |

पता लगाना।

- प्रश्न पूछना और बनाना तथा बिना किसी भय और हिचकिचाहट के अपने बड़ों तथा साथियों को उत्तर देना।
- अपने अनुभवों/अवलोकनों को चित्र बनाकर/संकेतों/अनुरेखण/ शारीरिक हाव–भाव द्वारा/ मौखिक रूप से कुछ शब्दों/सरल वाक्यों में अपनी भाषा में साझा करें।
- वस्तुओं/तत्वों की उनके अवलोकन योग्य लक्षणों की भिन्नताओं/समानताओं के आधार पर तुलना करना और उन्हें विभिन्न वर्गों में रखना।
- माता–पिता/अभिभावक/दादा–दादी, नाना–नानी /आस–पड़ोस के बुजुर्गों से चर्चा कर उनके पहले तथा वर्तमान जीवन में दैनिक उपयोग में लाई गई चीजों, जैसे – कपड़ों, बर्तनों, आसपास के लोगों द्वारा किए गए कार्यों, खेलों की तुलना करना।
- अपने आस–पास से कंकड़–पत्थर, मनकों, गिरी हुई पत्तियों, पंखों, चित्रों आदि वस्तुओं को एकत्रित कर उन्हें नवीन तरीकों से व्यवस्थित करना है, जैसे–ढेर बनाना, थैली में रखना, पैकेट बनाना।
- घटनाओं, स्थितियों के होने की संभावनाओं तथा उन्हें रोकने, पुष्टि करने, परीक्षण पर समालोचनात्मक तरीके से विचार करने, उदाहरण के लिए आस–पास की वस्तु या स्थान तक किसी दिशा (दाएँ/बाएँ/सामने/पीछे) से पहुँचना, समान आयतन के किस पात्र में अधिक जल रखा जा सकेगाय किसी मग या बाल्टी में कितने चम्मच पानी आएगा।
- वस्तुओं, लक्षणों, तत्वों, आदि को पहचानने, वर्गीकरण करने, इनमें भेद करने की अपनी क्षमताओं के अनुसार, विभिन्न इंद्रियों का उपयोग करते हुए, अवलोकन करने, गंध पता

वस्तुओं, पक्षियों, जंतुओं, लक्षणों, गतिविधियों को विभिन्न संवेदी अंगों के उपयोग द्वारा पहचान कर उनके समूह बनाते हैं।

- वर्तमान और पहले की (बड़ों के समय की) वस्तुओं और गतिविधियों (जैसे कपड़े बर्तन/खेलों/लोगों द्वारा किए जाने वाले कार्यों में अंतर करते हैं।
- चिह्नों द्वारा/संकेतों द्वारा/बोलकर सामान्य मानचित्रों (घर/कक्षा कक्ष/विद्यालय के) में दिशाओं, वस्तुओं/स्थानों की स्थितियों की पहचान करते हैं।
- दैनिक जीवन की गतिविधियों में वस्तुओं के गुणों का अनुमान लगाते हैं, मात्राओं का आकलन करते हैं तथा उनकी संकेतों एवं अमानक इकाइयों (बित्ता/चम्मच/मग आदि) द्वारा जाँच करते हैं।
- भ्रमण के दौरान विभिन्न तरीकों से वस्तुओं/गतिविधियों/स्थानों के अवलोकनों, अनुभवों, जानकारियों को रिकॉर्ड करते हैं तथा पैटर्नों (उदाहरण के लिए चंद्रमा के आकार, मौसम आदि) को बताते हैं।
- चित्र, डिजाइन, नमूनों (Motifs), मॉडलों, वस्तुओं से ऊपर से, सामने से और 'साइड' से दृश्यों, सरल मानचित्रों (कक्षा कक्ष, घर/विद्यालय के भागों के) और नारों तथा कविताओं आदि की रचना करते हैं।
- स्थानीय, भीतर तथा बाहर खेले जाने वाले खेलों के नियम तथा सामूहिक कार्यों का अवलोकन करते हैं।
- अच्छे–बुरे स्पर्श, जेंडर के संदर्भ में परिवार में कार्य/खेल/भोजन के संबंध में रूढिबद्धताओं परय परिवार तथा विद्यालय में भोजन तथा पानी के दुरुपयोग / अपव्यय पर अपनी आवाज उठाते हैं।

| | |
|---|---|
| लगाने, स्वाद, देखने, अनुभव करने, सुनने के लिए सरल गतिविधियाँ एवं प्रयोग करना।<br>● प्रयोगों और गतिविधियों पर प्रेक्षण तथा अनुभव इकड़े करना और उन्हें बोलकर / हाव–भाव द्वारा / चित्र बनाकर / सारणियों द्वारा / सरल वाक्यों में लिखकर साझा करना।<br>● स्थानीय तथा अनुपयोगी सामग्री, सूखी गिरी हुई पत्तियों, मिट्टी, कपड़ों, कंकड़–पत्थरों आदि को, रंगों के उपयोग से चित्रों, मॉडलों, डिजाइन, कोलॉज आदि बनाकर नया रूप देना। उदाहरण के लिए– मिट्टी का उपयोग कर बर्तन / पात्र, जंतु, पक्षी, वाहन बनानाय खाली माचिस की डिब्बियों तथा कार्ड बोर्ड से फर्नीचर बनाना आदि।<br>● परिवेश में पाए जाने वाले पालतू पशुओं या अन्य पक्षियों तथा जंतुओं के साथ अपने संबंधों के अनुभवों को साझा करना।<br>● सक्रिय रूप से भाग लेना और देखभाल की पहल करना, तदनुभूति साझा करना, समूहों में साथ काम करके नेतृत्व देना, जैसे विभिन्न कक्षीय / बाहरी / स्थानीय / समकालीन गतिविधियों और खेलों में पौधों की देखभाल, पक्षियों / पशुओं को भोजन देना, अपने आस–पास की वस्तुओं पर परियोजना कार्य करना।<br>● घर, विद्यालय तथा पास–पड़ोस में रूढिबद्ध या भेदभावपूर्ण व्यवहार, जैसे– पुरुषों तथा महिला सदस्यों की भूमिका, उनके लिए भोजन की उपलब्धता, स्वास्थ्य संबंधी सुविधा, विद्यालय भेजे जाने के संबंध में तथा बुजुर्गों और भिन्न रूप से सक्षम बच्चों की आवश्यकताओं के संबंध में प्रश्न उठाना, चर्चा करना, समालोनचनात्मक तरीके से सोचना और उससे जुड़े अपने अनुभवों को व्यक्त करना।<br>● पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त अन्य स्रोतों, जैसे– चित्रों, पोस्टरों, साइनबोर्डो, पुस्तकों, दृश्य–श्रृव्य सामग्री, स्पर्शनीय / उभरी हुई सामग्री / अखबार की कतरनें, कहानियों / कविताओं, वेब संसाधनों, डॉक्यूमेंट्री (छोटी फिल्मों), पुस्तकालय | ● अपने आस–पास के पौधों, जंतुओं, बड़ों, विशेष आवश्यकताओं वालों तथा विविध पारिवारिक व्यवस्था (रंगरूप, क्षमताओं, पसंद / नापसंद तथा भोजन तथा आश्रय संबंधी मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता में विविधता) के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हैं। |

## NAS प्रश्न बैंक निर्माण में सम्मलित विषय–विशेषज्ञों की सूची

| क्र.सं. | नाम | पद एवं पदस्थापन स्थान |
|---|---|---|
| | **विषय –हिन्दी** | |
| 1. | श्रीमती निर्मला राजपूत | से.नि. प्रधानाचार्य उदयपुर |
| 2. | श्रीमती मधुबाला पण्डित | से.नि. प्रधानाचार्य उदयपुर |
| 3. | श्रीमती पूर्णिमा त्रिवेदी | से.नि. व्या. उदयपुर |
| 4. | श्रीमती पुष्पा कोठारी | से.नि. व्याख्याता उदयपुर |
| 5. | श्रीमती बिलकिस बानू | से.नि. व्याख्याता उदयपुर |
| 6. | श्रीमती शीला काहाल्या | प्रधानाचार्य राउमावि सिंहाड, भीण्डर |
| 7. | श्री नरेश पंवार | व्याख्याता राउमावि बछार (गिर्वा), उदयपुर |
| 8. | श्री मोहन लाल डाँगी | व्याख्याता राउमावि, मोलेला, नाथद्वारा (राजसमन्द) |
| 9. | श्रीमती अंजली कोठारी | व्याख्याता, डाइट, उदयपुर |
| 10. | श्रीमती हेमलता चान्द्रायण | अध्यापिका राबाउमावि बस्सी झुन्जावत,(सलूम्बर) उदयपुर |
| 11. | श्रीमती राजकुमारी महात्मा | अध्यापिका राउप्रा संस्कृत विद्यालय मेडता,(मावली) उदयपुर |
| | **विषय– पर्यावरण अध्ययन / विज्ञान** | |
| 1. | डॉ. सुरेश चन्द्र जांगिड़ | से.नि. प्रधानाचार्य जोधपुर |
| 2. | श्रीमती प्रेरणा नौसालिया | प्रधानाचार्य राउमावि, भल्लों का गुड़ा, उदयपुर |
| 3. | श्री देवीलाल ठाकुर | प्राध्यापक डाइट उदयपुर |
| 4. | श्रीमती रूपाली चौहान | प्राध्या. राउमावि झाडोल, (सराडा) उदयपुर |
| 5. | अनीसा तलत | व्याख्याता राउमावि भूताला, उदयपुर |
| 6. | श्रीमती जयश्री माथुर | व्याख्याता राउमावि बलुआ, सेमारी, उदयपुर |
| 7. | श्रीमती निर्मला पंवार | वरि.अध्या. राउमावि पांसल, (भीलवाडा) |
| 8. | श्रीमती नम्रता शाह | वरिष्ठ अध्यापिका राउमावि वारणी, (मावली) उदयपुर |
| 9. | श्रीमती जयमाला जैन | अध्यापिका राबामावि डबोक, उदयपुर |
| 10 | श्रीमती राजेश वर्मा | अध्यापिका राउप्रावि जूनीझर (सराड़ा) उदयपुर |
| | **विषय– गणित** | |
| 1. | श्री देवेन्द्र सिंह राणावत | व्याख्याता राउमावि उथरदा, (सलूम्बर) उदयपुर |
| 2. | श्री उमंग पण्ड्या | व्याख्याता उमावि चिरावाला गुड़ा बाँसवाडा |
| 3. | श्री रविदत्त शर्मा | व्याख्याता राउमावि बगडूण्दा, (गोगुन्दा) उदयपुर |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | श्री नरेन्द्र सिंह राठौड़ | वरिष्ठ अध्यापक राउमावि अलसीगढ़, (गिर्वा), उदयपुर |
| 5. | श्री सचिन कुमार जैन | वरिष्ठ अध्यापक राउमावि ब्राह्मणों का कलवाना,(सायरा) उदयपुर |
| 6. | श्री गुलाम शब्बीर | वरिष्ठ अध्यापक राउमावि काछबा, (गोगुंदा) उदयपुर |
| 7. | श्री उत्तम कुमार विजयवर्गीय | वरिष्ठ अध्यापक राउमावि बडला (खेरवाडा) उदयपुर |
| 8. | श्री कैलाश चंद्र आमेटा | वरिष्ठ अध्यापक स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल, रेलमगरा, राजसमन्द |
| 9. | श्री कमल अरोड़ा | वरिष्ठ अध्यापक राउमावि सुआवतों का गुड़ा, उदयपुर |
| 10. | अनिता जीनगर | वरिष्ठ अ. राउमावि मोरठ (मावली) उदयपुर |
| 11. | श्री संजय कुमार बोल्या | वरिष्ठ अध्यापक राउमावि बोयणा, मावली, उदयपुर |
| 12. | श्री लोकेश मेनारिया | वरिष्ठ अध्यापक स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल रेलमगरा, राजसमन्द |
| | **विषय–सामाजिक विज्ञान** | |
| 1. | डॉ. नीलम भण्डारी | प्रधानाचार्या, राबाउमावि गरीब नगर, उदयपुर |
| 2. | श्री आशुतोष गुर्जर | व्या. राउमावि बिजनोल (नाथद्वारा) राजसमन्द |
| 3. | श्री गोविन्द सिंह सोलंकी | व्या. राउमावि थुरावड़ (कुम्भलगढ़), राजसमन्द |
| 4. | सुश्री कृष्णा मोगिया | अध्यापिका राउप्रावि देवाली (मावली), उदयपुर |
| 5. | श्रीमती सुभद्रा कुँवर | अध्यापिका, राउमावि पलोदडा, (सराडा), उदयपुर |
| 6. | श्रीमती मीनाक्षी जोशी | अध्यापिका राउमावि वासनी कला (मावली), उदयपुर |
| 7. | श्रीमती मधुबाला छाजेड़ | अध्यापिका राउमावि सेमड (सायरा), उदयपुर |
| 8. | श्री शक्ति सिंह सोलंकी | प्रबो. राउप्रावि लखमावतों का गुड़ा (कुम्भलगढ), जि.राजसमन्द |
| 9. | श्री नलिन आमेटा | अध्यापक, रामावि डंकार, पं.सं. कुराबड़, उदयपुर |
| 10. | श्री भूपेश अग्रवाल | अध्यापक राउमावि गुडली, कुराबड़ |
| 11 | श्रीमती ज्योति पण्ड्या | अध्यापिका राबाउप्रावि चन्दुजी का गड़ा, बाँसवाडा |
| 12 | श्रीमती सीमा गुप्ता | अध्यापिका राबामावि परसाद, उदयपुर |